mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-309 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
10 नवंबर 2024 रविवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



केएल राहुल और ...
@ पेज 7



## 'एएमयू' सिर्फ मुस्लिमों की नहीं, सबको आरक्षण मिले

### सीएम योगी बोले-सरकार का पैसा लगा, आंखों में पट्टी बांधकर मत बैठिए

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** सीएम योगी ने शनिवार को अलीगढ़ के खैर में चुनावी रैली की। इस दौरान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर पहली बार प्रतिक्रिया दी। कहा- यूनिवर्सिटी में मुस्लिमों को 50 फीसदी आरक्षण मिलता है। ये व्यवस्था वे लोग खुद करते हैं। ये कैसे हो सकता है। इसमें भारत का भी पैसा लगा है। इसलिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ों को भी आरक्षण मिलना चाहिए। यही नहीं, वहां के नौकरियों भी आरक्षण मिलना चाहिए लेकिन ये सुविधा भी बंद की गई।



### मैं इसलिए बार-बार कहता हूं...बंटिए मत

अलीगढ़ में कांग्रेस ने जिस राजा महेंद्र प्रताप सिंह को भुला दिया था, उन्हीं राजा महेंद्र के नाम पर अलीगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय दिया है। बंटिए मत। बंटे थे तो कटे थे। मैं इसीलिए बार-बार कहता हूं। देश का इतिहास बताता है कि बंटे थे, तो राम मंदिर का अपमान हमें झेलना पड़ा था। मथुरा में भगवान कान्हा की जन्मभूमि का अपमान सामने आया। काशी में भगवान विश्वनाथ का अपमान सामने आया। हमारी बहन-बेटियों को क्या कुछ नहीं सहना पड़ा। इन सबके बावजूद अगर हम आंखों में पट्टी बांधकर जाति और स्वार्थों में बंटें हैं तो कटने के सिवाय कुछ नहीं बचा है।

### जिसने बेटियों को छेड़ा, उसका यमराज इंतजार करता है

अलीगढ़ में पहले 10-10 दिन का कर्फ्यू लगता था। आज साढ़े सात साल में कोई उपद्रव नहीं हुआ। किसी ने गुंडागर्दी, उपद्रव या बहन-बेटियों को छेड़नी की कोशिश नहीं की। उन्हें पता है कि ऐसा किया तो उसका यमराज इंतजार कर रहा होगा। दूसरी ओर उसकी संपत्ति जब्त कर गरीबों में बांटने की व्यवस्था की जा रही होगी। पहले पेंशन भी सपाइयों को मिलती थी। आम जनता को नहीं। जब डबल इंजन की सरकार आई तो बिना भेदभाव के पेंशन मिल रही है। अलीगढ़ का ताला उद्योग भी पुनर्जीवित हो गया। अब अलीगढ़ में भी अपना विश्वविद्यालय हो गया। विश्वविद्यालय आपकी पीढ़ी को बनाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### देश का बड़ा हिस्सा सेना की उपलब्धियों से है अनजान

#### सीडीएस अनिल चौहान बोले-अब इसे एजुकेशन में जोड़ा जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना, नौसेना और आर्मी की उपलब्धियों को प्रमोट करने के लिए इंडियन मिलिट्री हैरिटेज फेस्टिवल का दूसरा एडिशन शुक्रवार को शुरू हुआ। इस दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शौर्य गाथा प्रोजेक्ट लॉन्च किया। उन्होंने कहा- देश का बड़ा हिस्सा भारतीय सेना की उपलब्धियों को नहीं जानता। इसलिए इसे एजुकेशन में भी जोड़ा जाएगा। इंडियन मिलिट्री हैरिटेज फेस्टिवल




का लक्ष्य युवाओं के बीच सेना को बतौर करियर बढ़ावा देना है। साथ ही शौर्य गाथा प्रोजेक्ट का मकसद अगली पीढ़ी में नेशनल प्राइड यानी राष्ट्रीय गर्व की भावना बढ़ाना भी है। समारोह में रक्षा मंत्रालय, डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स और इंडियन फोर्स के अलावा पर्यटन विभाग लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश सरकार और संस्कृति मंत्रालय के अलावा एनसीसी कैडेट भी शामिल हुए। इस दौरान भारतीय सेना के कई ऑपरेशन्स की चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में 16 दिसंबर सीजफायर की घोषणा के बाद 15 दिनों तक भारतीय सेना के जवानों को ठीक से खाना-पानी तक नहीं मिला था।

### हमारी सरकार बना दो, हम सभी घुसपैठियों को खदेड़ देंगे

#### पलामू की रैली में अमित शाह के निशाने पर रहे राहुल गांधी

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 43 सीटों का प्रचार अंतिम दौर में आ गया है। शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह ने पलामू में कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- ये सरकार (हेमंत) अपने वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों



को बढ़ावा दे रही है। ये झारखंड के युवाओं की नौकरी खा जा रहे हैं। हमारी सरकार बना दो, हम सभी घुसपैठियों को खदेड़ देंगे। अमित शाह ने कहा- हम धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देंगे। ये कांग्रेस वाले महाराष्ट्र में 10 फीसदी मुस्लिमों को आरक्षण देने के पक्ष में हैं। मैं आप लोगों से पूछना चाहता हूं कि अगर ये आरक्षण देंगे तो कम किसका होगा। दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का होगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र का उल्लेख कर अपने वादों का दोहराया। उन्होंने कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर जमकर हमला बोला। जनता से अपील करते हुए कहा कि आप 350 करोड़ रुपए लूटने वाले को सबक सीखा दो। हम आपको सुखद प्रदेश देंगे। पलामू प्रमंडल की छतरपुर विधानसभा सीट से भाजपा की पुष्पा देवी उम्मीदवार हैं।



## देश में 9 महीने में एक्सट्रीम वेदर से 3,238 मौतें

### एमपी में जानलेवा मौसम के दिन सबसे ज्यादा, यूपी-राजस्थान में फसलें सुरक्षित रहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल के शुरुआती नौ महीनों के 274 दिनों में से 255 दिन देश में कहीं न कहीं एक्सट्रीम वेदर कंडीशन रही। मतलब ये कि या तो तेज गर्मी पड़ी या शीतलहर चली या भारी बारिश हुई या भयंकर सूखा पड़ा या कोई आंधी-तूफान आया। इस एक्सट्रीम वेदर के चलते 3,238 मौतें हुईं। 32 लाख हेक्टेयर फसल बर्बाद हुई और 2.36 लाख घर टूटे। पिछले साल इसी दौरान 235 एक्सट्रीम वेदर घटनाओं में 2,923 और 2022 में 241 एक्सट्रीम वेदर घटनाओं में 2,755 जानें गई थीं। सबसे अधिक 176 एक्सट्रीम वेदर (बुरे मौसम) वाले दिन मध्य प्रदेश में दर्ज हुए। मौसमी घटनाओं से सबसे ज्यादा 550 लोगों की मौत केरल में हुई।

आंध्र में सर्वाधिक 85,806 घर टूटे। महाराष्ट्र में फसलें सबसे ज्यादा बर्बाद हुईं, जो देशभर में फसलों को हुए कुल नुकसान का 60 फीसदी है। सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरन्मेंट की 'स्टेट ऑफ एक्सट्रीम वेदर इन इंडिया 2024' रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए हैं।

इसके मुताबिक, मध्य प्रदेश में एक्सट्रीम वेदर के दिन सबसे ज्यादा रहे। वहीं, यूपी-राजस्थान में फसलों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। देश के 27 राज्यों में एक्सट्रीम वेदर की घटनाएं पिछले साल के मुकाबले बढ़ीं। यूपी, कर्नाटक व केरल ऐसे राज्य रहे, जहां एक्सट्रीम वेदर के दिन बीते वर्षों की तुलना में 40 दिन से ज्यादा बढ़ गए। मप्र में पिछले साल के मुकाबले ऐसे 38 दिन बढ़े। सीएसई की महानिदेशक सुनीता नारायण ने कहा कि जो घटनाएं पहले सदियों में एकाध बार होती थीं, वे अब हर पांच साल में हो रही हैं। साल-दर-साल उनकी फ्रीक्वेंसी बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल में हीटवेव की 77 घटनाएं हुईं और यह लगातार तीसरा साल रहा, जब हीटवेव गर्मी के एक मौसम में 50 दिन से ज्यादा चली। 2024 में जनवरी से सितंबर के बीच एक्सट्रीम वेदर की घटनाओं के दिन 2023 के मुकाबले 20 ज्यादा रहे। यही नहीं, फसलों का होने वाला नुकसान पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 13.6 लाख हेक्टेयर तक बढ़ गया। बिजली गिरना और आंधीः 274 में से 191 दिन बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इनमें 1,021 लोगों की जान गई। सबसे अधिक 103 बिजली गिरने की घटनाओं में 188 लोगों की मृत्यु हुई। उत्तर प्रदेश में केवल 38 घटनाओं में 164 लोगों की जान चली गई।



## हमास नेताओं को देश छोड़ने का अल्टीमेटम

### अमेरिका के दबाव में कतर का सबसे बड़ा ऐक्शन

**तेलअवीव (एजेंसी)।** इजरायल द्वारा गाजा में किए जा रहे हमलों के चलते कतर में जाकर बसे हमास के नेताओं को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि कतर ने उन सभी को देश छोड़ने का अल्टीमेटम दे दिया है। बता दें कि कतर ने यह आदेश अमेरिका के दबाव के बाद जारी किया है।

ऐसे में अब हमास के बड़े नेताओं की



मुश्किलें बढ़ सकती है क्योंकि वे लंबे वक्त से कतर की राजधानी दोहा में रह रहे थे। दरअसल, मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच अमेरिका ने कतर से जल्द से जल्द हमास के नेताओं को देश से निकालने का अनुरोध किया था। अमेरिका ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि आतंकी समूह के इजरायली बंधकों को रिहा करने के समझौते को अस्वीकार करने का मतलब है कि अब उसकी मौजूदगी स्वीकार्य नहीं है।

## जहां कांग्रेस की सरकार वो बन गए शाही परिवार के 'एटीएम'

### महाराष्ट्र के अकोला से कांग्रेस और गांधी फैमिली पर बरसे पीएम मोदी

### कहा-चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन तीन राज्यों में डबल हो गई है



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार दूसरे दिन रैली की। उन्होंने शनिवार को अकोला में एक बार फिर 'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा दिया। इससे पहले 8 नवंबर को नासिक और धुले की रैली में भी उन्होंने यह नारा लगाया था।

अकोला की रैली में पीएम के निशाने पर एक बार फिर कांग्रेस ही रही। उद्धव ठाकरे और शरद पवार के बारे में एक शब्द नहीं बोला। उन्होंने कहा- जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 की वापसी की मांग हो रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी इसका समर्थन करते हैं। पाकिस्तान भी यही चाहता है। पीएम ने कहा- कांग्रेस की सरकार जिस राज्य में बन जाती है, वह राज्य शाही परिवार (गांधी परिवार) के लिए एटीएम बन जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक सरकार का जिक्र किया। कहा- चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन राज्यों में डबल हो गई है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि चुनाव जीतने के बाद क्या लूट होगी।

## मोदी जी बड़े प्लेन में उड़ते हैं, बोझ आम जनता को उठाना पड़ता है

### झारखंड के धनबाद में राहुल गांधी का प्रधानमंत्री मोदी पर बड़ा हमला

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले फेज के प्रचार में नेता पूरी ताकत से लग गए हैं। शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने धनबाद के बाघमारा और जमशेदपुर में चुनावी सभा की। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- मोदी जी बड़े-बड़े भाषण करते हैं। बड़े-बड़े प्लेन में उड़ते हैं। लेकिन बोझ आम



आदमी को उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों से हाथ मिलाने से भी कतराते हैं। वो अंबानी और अडानी के साथ जाएंगे, लेकिन गरीब दलितों, पिछड़ों से मिलना तक नहीं चाहते। 90 अफसर हिंदुस्तान के बजट को बनाते हैं। लेकिन इन नब्बे अफसरों में से केवल एक आदिवासी अफसर है। उन्होंने लोगों के बीच इंडिया ब्लॉक की सात गारंटी को दोहराया। इसमें उन्होंने आरक्षण के दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ जातिगत जनगणना कराने की बातें कही।

## अगहन पंचमी से रामलला के लिए होगी खास व्यवस्था

### अब ओढ़ाई ओढ़ाने के साथ ही भोग में भी होगा बदलाव

**अयोध्या (एजेंसी)।** श्रीराम लला को अगहन की पंचमी (20 नवम्बर) से रजाई ओढ़ाई जाएगी, तभी से गुनगुने जल से स्नान भी प्रारम्भ होगा और भोग में से ठंडी चीजें हटाई जाएंगी। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज ने दी। आचार्य सत्येंद्र दास बीते कुछ दिनों से लखनऊ पीजीआई में स्वास्थ्य लाभ



ले रहे थे। अब वह स्वस्थ होकर अयोध्या आ गए हैं। मुख्य अर्चक ने बताया कि सर्दी बढ़ने के साथ-साथ जैसे हम लोगों के खान-पान, पहनावे में धीरे-धीरे परिवर्तन होता है, वैसे प्रभु राम लला के भोग और वस्त्रों में बदलाव होता है। आमतौर पर अगहन की पंचमी से श्री विग्रह को रजाई ओढ़ाई जाती है, तभी से प्रभु को स्नान कराने के लिए गुनगुने पानी का उपयोग किया जाता है। इसी अनुसार भोग में सर्द चीजें हटाकर गरमी पहुंचाने वाला भोग तैयार किया जाता है। अधिक ठंड बढ़ने पर ब्लोअर भी लगाया जाता है।

## पाकिस्तान में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर सुसाइड अटैक

- धमाके में 24 लोगों की मौत, इनमें 14 सेना के जवान
- बलोच लिबरेशन आर्मी ने ली इस हमले की जिम्मेदारी



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह ब्लास्ट में 24 लोगों की मौत हो गई है। इनमें 14 जवान हैं। धमाके में 50 से ज्यादा घायल हैं। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलोच लिबरेशन आर्मी ने ली है। एजेंसी ने कहा कि यह एक सुसाइड अटैक था, जिसका निशाना स्टेशन पर तैनात पुलिस जवान थे। पाकिस्तान के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इस हमले के पीछे बीएलए है। लेकिन उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में यह एक सुसाइड ब्लास्ट लग रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कई घायल यात्रियों की मौत अस्पताल में हुई। ब्लास्ट तब हुआ जब क्वेटा से पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर आने वाली थी। प्लेटफॉर्म पर भीड़ थी, ट्रेन आने से पहले ब्लास्ट पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेन पहुंचते ही ब्लास्ट हो गया।

## झारखंड चुनाव से पहले 'इनकम टैक्स' का ऐक्शन

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड में विधानसभा चुनाव होने में महज कुछ ही दिन का समय बचा है। इसी बीच, राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के निजी सलाहकार सुनील श्रीवास्तव के आवास पर केंद्रीय एजेंसी इनकम टैक्स ने छापेमारी की है। इस कार्रवाई में एजेंसी के अधिकारी आवास की गहन तलाशी ले रहे हैं। रांची और जमशेदपुर समेत कुल 9 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले रांची में इनकम टैक्स की ये बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इस बार आयकर विभाग के टारगेट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पर्सनल सेक्रेटरी हैं। एजेंसी की टीम छापेमारी कर रही है।

## कुकी संगठन की याचिका में दावा मणिपुर सीएम ने हिंसा भड़काई

- सुप्रीम कोर्ट बोला-लीक ऑडियो में आवाज सीएम की है या नहीं, जांच करवाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मणिपुर के कुकी संगठन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है, जिसमें कुछ ऑडियो क्लीप का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि सीएम बीरेन सिंह ने मणिपुर में हिंसा भड़काई है। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि लीक ऑडियो में आवाज मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की ही है या नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। हम इस जांच के लिए तैयार है। दरअसल, मणिपुर में



हिंसा को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ ऑडियो क्लीप वायरल हुए थे। इसमें बीरेन सिंह को कुकी लोगों पर बमबारी और हथियार लूटने की बात कहते सुना गया।

## उप राष्ट्रपति धनखड़ 12 नवम्बर को उज्जैन आयेंगे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ 12 नवम्बर को उज्जैन आयेंगे। उप राष्ट्रपति उज्जैन कालिदास समारोह में शामिल होंगे और भगवान श्रीमहाकाल मंदिर में दर्शन कर पूजा–अर्चना करेंगे। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने उप राष्ट्रपति के उज्जैन आगमन को लेकर तैयारियों, कानून–व्यवस्था सहित सुरक्षा की शुक्रवार को समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को एप से मिलेगी शटडाउन की सूचना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल एप लॉन्च किया है। यह एप कंपनी के पोर्टल पर उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से और गूगल प्ले स्टोर से दिए गए लिंक को ओपन करके भी डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप की मदद से उपभोक्ता बिजली खपत प्रोफाइल और अकाउंट की जानकारी देखने के साथ ही उपभोग पैटर्न की जानकारी भी देख सकते हैं। उपभोक्ता कंज्यूमर आईडी को रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से जोड़कर एप का उपयोग कर सकते हैं। इस एप से एक ओर जहां उपभोक्ताओं को शटडाउन की सूचनाएँ प्राप्त होती रहेंगी, वहीं दूसरी ओर मीटर की स्थिति की जाँच, उपयोग की गई बिजली की जानकारी के साथ ही उपभोक्ता सेवा केन्द्र 1912 से संपर्क करने की सुविधा भी मिलेगी। उपभोक्ता इस एप से अनेक सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे तथा अपनी बिजली खपत को बेहतर ढंग से मैनेज भी कर सकेंगे।

## जल-प्रदाय और सीवरेज परियोजना के सुगम संधारण पर कार्यशाला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग की अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी ने आज इंदौर में कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का उद्देश्य परियोजना के संचालन और संधारण में स्थानीय निकायों की भूमिका था। इंदौर, उज्जैन और खरगौन में मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी (एमपीयूडीसी) द्वारा 32 स्थानीय निकायों में जल–प्रदाय और 12 निकायों में सीवरेज परियोजना का कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला में निकायों के अध्यक्ष, स्थानीय जन–प्रतिनिधि और मुख्य नगरपालिका अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में बताया गया कि एमपीयूडीसी द्वारा एशियन डेव्हलपमेंट बैंक, विश्व बैंक और जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू के सहयोग से जल–प्रदाय और सीवरेज परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। बैठक में उन बिन्दुओं की जानकारी दी गयी, जिससे परियोजना का संचालन सुगमता के साथ जन–प्रतिनिधियों के सहयोग से किया जा सके। कार्यशाला में बताया गया कि एमपीयूडीसी द्वारा प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश में वर्तमान में 57 परियोजनाएँ शुरू होने की स्थिति में हैं। कार्यशाला में शिकायत निवारण समिति और उपभोक्ता सेवा केन्द्र की भूमिका पर भी चर्चा की गयी। कार्यशाला में शामिल स्थानीय निकायों के जन–प्रतिनिधियों को एशियन डेव्हलपमेंट बैंक की सहायता से संचालित इंदौर की बेटमा जल–प्रदाय योजना का दौरा कराया गया।

## लगभग 17 लाख श्रमिकों को जारी की जायेंगी अस्थाई पात्रता पर्ची- खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि ऐसे श्रमिक जिन्होंने अपूर्ण पते दिये है अथवा दिये गये पते पर निवास नहीं है, उन्हें खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की जायेगी। अस्थाई पात्रता पर्ची लगभग 17 लाख श्रमिकों को जारी की जाएंगी। यह कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक याचिका में पारित आदेश के परिपालन में की जा रही है। मार्च 2024 तक ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के डेटा के आधार पर ये अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की जाएंगी।

आयुक्त खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री सिबि चक्रवर्ती ने जानकारी दी है कि अस्थाई पात्रता भारत सरकार के ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर जारी की जायेगी। इसमें श्रमिक का यूएएन नम्बर, श्रमिक का नाम, जिले का नाम, पता, पिनकोड नम्बर और मोबाईल नम्बर का विवरण उपलब्ध होगा। ई–श्रम पोर्टल पर केवल श्रमिक का ही पंजीयन होता है। परिवार के शेष सदस्यों की जानकारी उपलब्ध नहीं होती है। इसलिये अस्थाई पात्रता पर्ची केवल एक श्रमिक की ही जारी की जाएगी। जिसके नाम से भारत सरकार के ई–श्रम पोर्टल पर पंजीयन है।

अस्थाई पात्रता पर्ची,ह नम्बर से डॉउनलोड करने की सुविधा राशन मित्र पोर्टल के डीएससी/ डीएसओ/जेएसओ/स्थानीय निकाय/ग्राम पंचायत/वार्ड कार्यालय के लॉगइन पर उपलब्ध रहेगी। श्रमिक अपने ई–श्रम कार्ड के साथ जब अपनी पात्रता पर्ची डीएससी/डीएसओ/जेएसओ / स्थानीय निकाय/ग्राम पंचायत/वार्ड कार्यालय में लेने जाएगा।

# दीपावली पर्व का सांस्कृतिक के साथ आर्थिक महत्व भी है

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि दीपावली पर्व का सांस्कृतिक के साथ आर्थिक महत्व भी है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शुक्रवार को मध्यप्रदेश राष्ट्र भाषा प्रचार समिति के हिन्दी भवन में आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रही थीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि दीपावली पर्व का महत्व सांस्कृतिक के साथ आर्थिक भी है। धनतेरस से शुरू होने वाला 5 दिवसीय दीपावली पर्व सभी वर्गों को लाभान्वित करता है। ऐसा कोई वर्ग नहीं है, जिसे दीपावली पर आय नहीं होती है। मिट्टी के दिये, खिलौने, बताशे, मिठाई, नये वस्त्र आदि का भरपूर व्यवसाय मिलता है, जिससे आय होती है। यह आय बाजार में पहुँचती है और समाज की व्यवस्था को संतुलित करती है। उन्होंने कहा कि मिलन समारोह के अवसर पर समाज में उत्कृष्ट सेवाएँ देने वाले समाज–सेवियों का राष्ट्र भाषा प्रचार समिति ने सम्मान किया है। यह एक अच्छी परम्परा है। आने वाली पीढ़ियाँ उत्कृष्ट कार्य करने



वालों से प्रेरणा प्राप्त करेंगी।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थ–व्यवस्था बन चुका है और आर्थिक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पर्व, त्यौहार और मिलन समारोह परस्पर खुशियाँ बाँटने और विचारों को साझा करने के माध्यम होते हैं। हमारी संस्कृति उत्सव प्रधान संस्कृति है।

दीपावली मिलन समारोह के अध्यक्षीय उद्बोधन में पूर्व सांसद श्री रघुनंदन शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्यौहारों का बहुत महत्व है। हमें अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन तत्परता से करना चाहिये। कार्यक्रम के प्रारंभ में मध्यप्रदेश राष्ट्र भाषा प्रचार समिति के अध्यक्ष श्री कैलाशचंद्र पंत ने स्वागत उद्बोधन दिया।

ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ. केशव सुंदरदास बुधवानी, वरिष्ठ पत्रकार श्री रमेश शर्मा, प्रतिष्ठित अधिवक्ता श्री सुशील तापड़िया, लेखिका और समाज–सेविका श्रीमती श्यामा गुप्ता, व्यवसायी और समाज–सेवी श्री सुनील जैन, गौ–सेवक श्री प्रहलाद दास मंगल, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएँ देने वाली डॉ. ललिता त्रिपाठी और शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का सम्पादन कर रहीं डॉ. मंजुलता शुक्ल और व्यायाम एवं एलोवेरा, गिलोय आदि औषधियों का प्रचार–प्रसार कर रहे श्री राधाकृष्ण गुरु को सम्मानित किया गया।

डॉ. रंजना अरगड़े, डॉ. संजय सक्सेना, श्रीमती अनीता सक्सेना, श्री सुनील सक्सेना सहित बड़ी संख्या में नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गयीं।

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद का राजभवन आगमन पर हुआ गरिमामय स्वागत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद का राजभवन आगमन पर गरिमामय स्वागत हुआ। पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद का राजभवन में म.प्र. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री सुरेश कुमार कैत ने आत्मीय स्वागत किया। पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद के साथ उनकी पत्नी श्रीमती सविता कोविंद भी पधारी हैं। अतिथियों का राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री मुकेश चन्द्र गुप्ता ने पुष्प–गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव सहित राजभवन के अधिकारीगण



## योजनाओं के कार्य गुणवत्ता युक्त होना चाहिए- मंत्री उइके

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने शुक्रवार को शिवपुरी जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने टूरिस्ट विलेज में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जिले में चल रही योजनाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर घर में नल से जल पहुंचाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पेयजल के लिए परेशान नहीं हो और दूर दराज से लोगों को पानी



नहीं लाना पड़े। इसके लिए नल जल योजना चलाई जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत जिले में काम जारी है। उन्होंने कहा कि काम में तेजी लाएं और सभी योजनाओं में गुणवत्तायुक्त काम होना चाहिए। विभागीय अधिकारी भी यह ध्यान रखें जिले में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करें। खराब नल जल योजनाओं की मरम्मत भी समय पर कराई जाए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, राजू बाथम भी मौजूद रहे।

# पाइप बैण्ड में शासकीय माडल स्कूल भोपाल और क्राइस्ट चर्च जबलपुर बने विजेता

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्य स्तरीय शालेय बैण्ड प्रतियोगिता का आयोजन आज भोपाल के अरेरा कॉलोनी स्थित कैम्पियन स्कूल ग्राउण्ड में किया गया। पाइप बैण्ड विधा के बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल भोपाल, द्वितीय स्थान पर पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय जबलपुर रहे। पाइप बैण्ड बालिका वर्ग में क्राइस्ट चर्च बालिका विद्यालय जबलपुर प्रथम स्थान पर और शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल भोपाल द्वितीय स्थान पर रहे। ब्रॉस बैण्ड बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर सेंट जोसफ स्कूल इटारसी और दीपक मेमोरियल अकादमी सागर द्वितीय स्थान पर रहे। ब्रॉस बैण्ड बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर सेंट जोसफ हायर सेकेण्डरी स्कूल ईदगाह हिल भोपाल और द्वितीय स्थान पर सेंट जोसफ हायर सेकेण्डरी स्कूल इटारसी रहे। समापन समारोह में महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय ने पुरस्कार वितरित किये । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की




विजेता टीमों द्वारा पश्चिम क्षेत्र की जोन स्तरीय बैण्ड प्रतियोगिता में सहभागिता की जायेगी। यह प्रतियोगिता 22 से 25 नवम्बर तक भोपाल में होगी। प्रतियोगिता में 6 राज्यों की टीमें शामिल होंगी। पश्चिम क्षेत्र की विजेता टीमों द्वारा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सेदारी की जायेगी। राष्ट्रीय स्तर की विजेता और उप विजेता टीम नई दिल्ली में 26 जनवरी, 2025 गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड में सहभागिता करेगी।

## एकल नलजल योजनाओं का कार्य 31 दिसम्बर तक पूरा करें - सचिव पीएचई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सचिव लोकसेवा यांत्रिकी विभाग श्री पी नरहरि ने रीवा कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। श्री नरहरि ने कहा कि जल जीवन मिशन हर घर में नल से शुद्ध पानी पहुंचाने की विश्व की सबसे बड़ी योजना है। एकल नलजल योजनाओं के कार्य 31 दिसम्बर तक हर हाल में पूरा करके लक्ष्य के अनुसार घरों में नल कनेक्शन दें। यह योजना आमजनता की स्वास्थ्य रक्षा, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा जल संरक्षण के उद्देश्यों में भी सहायक है। सचिव श्री नरहरि ने कहा कि हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना है। जिन एकल नलजल योजनाओं का कार्य 70 से 90 प्रतिशत तक पूरा हो गया है, उनके छूटे हुए कार्य 15 दिसम्बर तक पूरे कराकर योजना ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करें। जनपद के सीईओ पूर्ण नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराकर उनका संचालन कराएं। पानी की नियमित आपूर्ति होगी तो जल कर भी अवश्य मिलेगा। जल कर की नियमित प्राप्ति से ही पंप चालक के मानदेय तथा नलजल योजना से जुड़े छोटे–मोटे कार्य किए जाना संभव होगा। योजना संचालन के लिए हर गांव में ग्राम जल स्वच्छता समिति तथा महिला स्वसहायता समूहों को तैयार करें। दिसम्बर अंत तक रीवा और मऊगंज जिलों के 390229 घरों में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा करें। बैठक में जल जीवन मिशन के प्रबंध संचालक केवीएस चौधरी ने जानकारी दी कि रीवा और मऊगंज जिलों में पाँच बड़ी समूह नलजल योजनाओं का कार्य चल रहा है। इनमें से कंदैला योजना से 109 में से 106 गांवों में पानी दिया जा रहा है। शेष चार योजनाओं का कार्य मार्च 2025 तक पूरा हो जाएगा।

# राजभवन में मना उत्तराखंड राज्य का स्थापना दिवस



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के निर्देश पर उत्तराखंड राज्य का स्थापना दिवस आज राजभवन में गरिमामय एवं भव्यता के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। उत्तराखंड स्थापना दिवस का आयोजन 卐एक भारत–श्रेष्ठ भारत卐 अभियान के तहत किया गया था। समारोह में उत्तराखंड मूल के भोपाल निवासी नागरिकों ने उत्तराखंड के लोक गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के संदेश, उत्तराखंड एवं मध्यप्रदेश राज्यों की लघु फिल्मों का प्रसारण भी किया गया।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की ओर से उत्तराखंड मूल के भोपाल निवासियों के संगठन अध्यक्ष श्री नेगी, श्री सुरेश कर्नाट और वरिष्ठ साहित्यकार हिन्दी सेवी श्री कैलाश चंद पंत का सम्मान किया गया। सम्मान राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव ने किया। उन्हें स्मृति प्रतीक एवं चंदेरी हस्तकला का नमूना अंग वस्त्र भेंट किये। कार्यक्रम के अंत में सहभोज भी हुआ।

राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धता और राष्ट्रीय सार्मथ्य में उत्तराखंडवासियों का महत्वपूर्ण योगदान है। इसीलिए उत्तराखंड को भारत की देव भूमि और वीर भूमि कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी विशिष्टताओं को संजोए हुए हम सब भारतवासी है। यही हमारी पहचान है। इसे मजबूत बनाना हम सबका दायित्व है।

उत्तराखंड मूल के हिन्दी सेवी श्री कैलाशचंद पंत ने कहा कि राजभवन में उत्तराखंड स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक आर्थिक संबंधों की प्रगाढ़ता को बढ़ाने की सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि देश की राजनैतिक व्यवस्था की मजबूती, सामाजिक व्यवस्था के उन्नयन, सांस्कृतिक समृद्धता की वृद्धि और पत्रकारिता के विकास आदि सभी क्षेत्रों में उत्तराखंडवासियों का योगदान विशिष्ट है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंडवासी राज्य के बाहर कही भी देश अथवा विदेश में रहे, अपनी यादों को संजोकर रखते है। उनकी निष्ठा और कर्मठता की मिसाल दी जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के महू में स्थित आर्मी हेडक्वार्टर में 1942 में शिक्षा व्यवस्था की शुरुआत उत्तराखंड निवासी श्री भोला, श्री खेमचंद और श्री विष्णु चंद पंत ने की थी। समारोह को श्री सुरेश कर्नाट एवं श्री नेगी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नियंत्रक हाऊस होल्ड राजभवन श्रीमती शिल्पी दिवाकर ने किया।

## बाँधवगढ़ से हाथियों के झुण्ड से भटका एक और हाथी शावक मिला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उमरिया जिले के बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व से हाथियों के झुण्ड से बिछड़ कर एक और हाथी शावक बाँधवगढ़ के जंगल से दूर चंदिया एवं कटनी जिले के क्षेत्रों में चला गया था। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम और वन्य–जीव चिकित्सकों की टीम ने उमरिया एवं कटनी वन मण्डल की टीम के साथ बुधवार को भटके हुए हाथी के शावक को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य–जीव श्री एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि रेस्क्यू किये गये हाथी के शावक के स्वास्थ्य एवं आहार का ध्यान रखा जा रहा है। वन्य–जीव चिकित्सकों एवं अधिकारियों द्वारा सतत् निगरानी भी की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की

## सीधी जिले की 2 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 26 करोड़ 23 लाख से अधिक की राशि डाली गई







**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के इंदौर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 1573 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। साथ ही गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 26 लाख बहनों के खाते में 55 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 55 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 333.32 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत सीधी जिले की 02 लाख 13 हजार 926 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 26 करोड़ 23 लाख 81 हजार 300 रूपये की राशि अंतरित की गई। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास आर.सी. त्रिपाठी तथा लाड़ली बहनों द्वारा सहभागिता की गई।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 02 लाख 13 हजार 926 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 807 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 885, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 45 हजार 26, जनपद पंचायत सीधी में 55 हजार 605 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 52 हजार 545 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 6 हजार 265, नगर परिषद चुरहट में 2 हजार 479, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 127 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 2 हजार 187 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत जिले के 106190 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गईः** राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीधी जिले के 1 लाख 6 हजार 190 पात्र हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 37 लाख 14 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई। जनपद पंचायत कुसमी के 7177, मझौली के 13412, रामपुर नैकिन के 22194, सीधी के 28357 एवं सिहावल के 29032 पात्र हितग्राहियों को 600 प्रति हितग्राही के मान से राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत सीधी के 2493, मझौली के 1174, चुरहट के 1259 एवं रामपुर नैकिन के 1092 पात्र हितग्राहियों के खाते मे राशि अंतरित की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 55277, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 12167, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन योजना के 2287, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 727, मंदबुद्धि/वहुविकलांग को आर्थिक सहायता योजना के 1662, सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धा योजना के 9140, सामाजिक सुरक्षा पेंशन परित्यक्ता पेंशन योजना के 287, सामाजिक सुरक्षा पेंशन निःशक्त पेंशन योजना के 7315, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 2316, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कल्याणी पेंशन योजना के 15004 एवं मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 8 हितग्राहियों के खाते में 600 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई।

# दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति और पूंजी श्रद्धा : डॉ पांड्या

## पडखुड़ी आश्रम में मां गायत्री, सरस्वती, लक्ष्मी की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित राम शर्मा आचार्य ने देश भर में 3000 से अधिक गायत्री शक्तिपीठों की स्थापना उस दौर में की जब आवागमन के सीमित संसाधन थे। यह सब संभव हुआ है तो श्रद्धा और संकल्प से। शनिवार को गायत्री आश्रम पडखुड़ी रामपुर नैकिन में मां गायत्री की विशाल प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पांड्या ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा। डॉक्टर चिन्मय पांड्या ने कहा कि अब समय श्रद्धा को संकल्प में बदलने का है। परम पूज्य गुरुदेव ने संकल्प लिया और गायत्री साधना को सबके लिए सर्वसुलभ किया। हमें गुरुदेव के बताए आदर्शों पर चलकर आदर्श समाज की नींव रखनी होगी। डॉक्टर चिन्मय पांड्या ने कहा कि इस दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति और पूंजी श्रद्धा है। आज आंतरिक श्रद्धा की अभिव्यक्ति का दिवस है। अपनी श्रद्धा को गुरु चरणों में लगाकर उनकी इच्छा की पूर्ति में जीवन लगाना ही सच्ची गुरु भक्त है, गायत्री परिवार 2026 में परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा व अखंड दीप शताब्दी समारोह मनाने जा रहा है। डॉ चिन्मय पांड्या ने बताया कि गायत्री आश्रम पडखुड़ी का परिसर आध्यात्मिक है। मंदिर को निर्माण इस शैली में किया गया है कि यहां लोगों में हिमालय जैसी अनुभूति हो। परिसर में गायत्री की विशेष साधनाएं होंगी।इससे पहले शांतिकुंज हरिद्वार से आए युग मनीषियों द्वारा आश्रम में मां गायत्री, मां सरस्वती और मां लक्ष्मी जी की मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापना की गई। इसके पश्चात चौबीस कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति की गई। चार दिवसीय कार्यक्रम में सीधी, रीवा, सतना, टीकमगढ़, दमोह, पन्ना, ग्वालियर, देवास जयपुर, के परिजनों के साथ क्षेत्र के कर्तव्यनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव के संदेश को आत्मसात कर त्याग मय जीवन जीने वाले नींव के पत्थर वरिष्ठ परिजन भी उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

## डिवाइडर से टकराकर गहरी खाई में गिरा, दर्शन करने मंदिर गया था

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के अमिलिया थाना अंतर्गत कैमोर मूड़ा पहाड़ के पास डिवाइडर से टकराकर शनिवार को युवक गहरी खाई में गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई।

**देवी मंदिर दर्शन के लिए जा रहा था युवकः** परिजनों ने बताया कि मृतक युवक बृजेश पटेल (36) पिता नंदकिशोर पटेल निवासी ग्राम घोपारी सुबह ग्राम सुपेला में शिव जी के मंदिर में दर्शन करने गया था। जहां से वह कोदौरा हनुमना मार्ग के मध्य पिपराही में गोलहथा देवी मंदिर दर्शन के लिए बाइक क्रमांक एमपी53एमबी5971 से जा रहा था। जैसे ही वह कैमोर मूड़ा पहाड़ के पास पहुंचा, डिवाइडर से टकराकर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई।

**राहगीरों ने अमिलिया पुलिस को दी सूचनाः** उपनिरीक्षक इंद्राज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राहगीरों ने घटना के संबंध में अमिलिया पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। क्रेन और राहगीरों की मदद से बाइक और शव को ऊपर निकलवाया गया।

**परिजनों ने किया चक्का जामः** घटनास्थल पर परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। उनका कहना है कि युवक का मोबाइल गुम गया है। उसके पर्स में न तो उसका एटीएम मिला है और न ही एक भी रुपए। ऐसे में आशंका है कि यह हादसा नहीं बल्कि हत्या है। पुलिस की काफी समझाइश इसके बाद परिजनों ने चक्का जाम खोला। उपनिरीक्षक इंद्राज सिंह ने बताया कि पुलिस ने पंचनामा तैयार करते हुए शव को सिहावल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रदान किया गया स्कूल बैग एवं नोटबुक



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के अंतर्गत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिजहटा में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 तक के 41 छात्र छात्राओं को स्कूल बैग एवं नोटबुक का वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत सिजहटा, अध्यक्ष सुधीर चैधरी, समाजसेवी, सिजहटा, विशिष्ट अतिथि मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रसीडेंट (एचआरएम एंड कारपोरेट अफेयर्स), यदुवंश शुक्ला, प्राचार्य, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिजहटा, शिक्षणगणों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में प्रदान किया गया। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्रबंधन ने प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड मनकहरी के आसपास शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के 779 विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं नोटबुक प्रदान किये जाने का निर्णय लिया है। जिसकी शुरूआत आज हायर सेकण्डरी, हाईस्कूल सिजहटा से की गई। यह कार्यक्रम मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रसीडेंट (एचआरएम एंड कारपोरेट अफेयर्स) के दिशा निर्देशन में किया जा रहा है। अगली कड़ी में बम्हौरी, मनकहरी, बगहाई, हिनौती, चूल्ही एवं मलगांव की शासकीय स्कूलों अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग एवं नोटबुक का वितरण किया जायेगा।

# जनपद सदस्य का देखने को मिला नवाचार

## विद्यालय पहुंचकर बच्चों लगे पढ़ाने वीडियो वायरल




**मीडिया ऑडीटर, त्योंथर निप्र।** विगत कई घंटे से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है आपको बता दें इस वीडियो में एक शख्स द्वारा बच्चों को पढ़ाया जा रहा है प्राप्त जानकारी अनुसार यह व्यक्ति कोई शिक्षक नहीं बल्कि त्यौंथर जनपद पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 गढ़ी के जनपद सदस्य वेद प्रकाश तिवारी हैं जो समय समय नवाचार करने के लिए जाने जाते हैं श्री तिवारी रिसदा सरपंच नागेंद्र प्रजापति के साथ अचानक शासकीय माध्यमिक विद्यालय घुसरूम पहुंचे जहां पर उन्होंने बच्चों से मुलाकात की और उन्हें पढ़ाना प्रारंभ कर दिया इसके बाद से यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। आपको बता दें जनपद सदस्य वेद प्रकाश तिवारी त्यौंथर जनपद पंचायत के श्रमिक कल्याण समिति के अध्यक्ष तथा शिक्षा समिति के सदस्य भी हैं तिवारी ने बच्चों से मिलकरके के जहाँ शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी हासिल की वहीं विद्यालय के शिक्षकों से शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की बात कही ।

# न्यायोत्सव : विधिक सेवा सप्ताह 2024 का हुआ सफलतापूर्वक समापन

## प्रधान जिला न्यायाधीश की अगुवाई में विधिक जागरूकता के लिए मैराथन दौड़ आयोजित










**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 04 नवंबर 2024 से 09 नवंबर 2024 तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय तथा जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी वीरेन्द्र जोशी की अध्यक्षा में शनिवार दिनांक 09 नवंबर 2024 को जिला न्यायालय परिसर से सम्राट चौराहा तक विधिक जागरूकता हेतु मैराथन दौड़ आयोजित की गई।

उक्त मैराथन दौड़ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश रमा जयंत मित्तल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुकेश कुमार, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बघेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश राजेश कुमार श्रीवास्तव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश गौतम कुमार गुजरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण सर्वसोनू जैन, शोभना मीणा, रेनू श्रीवास्तव, सोनम शर्मा, अभिषेक साहू, अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, भारती शर्मा जिला अभियोजन अधिकारी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रशांत पाण्डेय, सहायक सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पूजा गोस्वामी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कु. सीनू वर्मा, शासकीय अभिभाषक सुखेन्द्र द्विवेदी, डिप्टी चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल बाबूलाल सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ऋषभ सिंह, तथा अधिवक्तागण विद्याकांत मिश्रा, आदित्य प्रसाद शुक्ल, पैरालीगल वॉलेंटियर्स विनय तिवारी, रश्मि तिवारी, अभिषेक दुबे, सुंदर लाल सिंह, पूजा पाण्डेय, सुसरोज सिंह, प्रेमिका पाण्डेय, प्रखर कुमार पाण्डेय, कु. स्वाती द्विवेदी, कु. शैलजा मिश्रा, सुरेन्द्र कुमार शुक्ला, संदीप कुमार तिवारी, गजाधर प्रसाद त्रिपाठी एवं अन्य पैरालीगल वॉलेंटियर्स तथा अन्य पैरालीगल वॉलेंटियर्स, पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार उर्मलिया एवं अन्य पैनल अधिवक्तागण के साथ जिला न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण एवं पुलिस विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसके पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी वीरेन्द्र जोशी द्वारा ए.डी.आर सेंटर भवन के मीटिंग हॉल में 09 नवंबर 2024 को ही समय 02:30 बजे से विधिक सेवा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विधिक सेवा प्रदर्शनी के माध्यम से प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाएं के बारे में पंप्लेट्स का प्रदर्शन किया गया तथा विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक किया गया।

# खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शनिवार को सांई ज्योति स्कूल पनवार में खो-खो प्रतियोगिता संपन्न हुयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभय राज सिंह गहरवार रिटायर्ड शिक्षक मझौली एवं विशिष्ट अतिथि व्यवस्थापक नरेंद्र सिंह एवं डायरेक्टर ममता सिंह रहीं। प्रतियोगिता साई, सफायर, पर्ल एवं ओपल ग्रुप के बीच संपन्न हुई। साई ग्रुप विजेता रहा वहीं पर्ल ग्रुप उप विजेता रहा। विजेता टीम को अथितियों द्वारा मेडल एवम चेक देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से दोनो ग्रुप को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम मे प्राचार्य बृजेश तिवारी, एच एम आकांक्षा सिंह, सचिव सुधांशु सिंह, मैनेजर प्रकाश सिंह, परीक्षा प्रभारी विकाश वर्मा, कामिनी अग्रहरी, संदीप शुक्ला, प्रिया सिंह, शिवानी सिंह, आंचल सिंह, रश्मी सोंधिया, साक्षी पांडेय, धनेश यादव, उर्मिला पनिका, कविता पनिका, दीप्ति मिश्रा, सुनील सिंह, बंटी सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप विश्वकर्मा एवं वंशरूप यादव का विशेष योगदान रहा।

# गौ शाला में गोपाष्टमी का कार्यक्रम आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विश्व हिन्दू परिषद ने प्रखण्ड मझौली के समदा गौ शाला में गोपाष्टमी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में गो माता का पंचोपचार पूजन रीतेश मिश्रा, अंकित सोनी तथा मनीष तिवारी द्वारा किया गया। रीतेश मिश्रा प्रखण्ड मंत्री ने बताया कि गाय और गोविंद की पूजा से सुख.समृद्धि में वृद्धि होती है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी पर पूजा का विशेष महत्व है। कार्यक्रम अवसर पर अंकित सोनी ने कहा इस दिन गाय और गोविंद की पूजा.अर्चना करने से धन और सुख.समृद्धि में वृद्धि होती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गाय चराई थी। यशोदा मईया भगवान श्रीकृष्ण को प्रेमवश कभी गौ चारण के लिए नहीं जाने देती थीं। लेकिन एक दिन कन्हैया ने जिद कर गौ चारण के लिए जाने को कहा। तब यशोदा जी ने ऋषि शांडिल्य से कहकर मुहूर्त निकलवाया। तभी से इस दिन गाय की पूजा की जाती है।

# पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया बैगलेस डे




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विद्यार्थियों को श्रम की महत्ता, स्थानीय कलाओं और कारीगरी सहित अन्य विभिन्न व्यवसायों के महत्व से परिचित कराने तथा व्यावसायिक शिक्षा के अनुभव प्रदान करने के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा संचालित करने के उद्देश्य से पीएम केंद्रीय विद्यालय में शनिवार को विद्यालय में कक्षा 6 से 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।इस दौरान उन्हें कुम्हार के चाक द्वारा मिट्टी से विभिन्न प्रकार के बर्तन बनाने की गतिविधि कराई गई। सभी छात्र-छात्राओं ने इस गतिविधि में उत्साह पूर्वक भाग लिया। विद्यालय के कार्य अनुभव शिक्षक के मार्गदर्शन में यह गतिविधि कराई गई और विद्यालय की प्राचार्या अंशु त्यागी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्होंने स्वयं भी चाक से बर्तन बनाने की गतिविधि का प्रदर्शन बच्चों के समक्ष किया। कार्य शिक्षा को अधिक बढ़ावा देने के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में छात्रों को इस प्रकार की गतिविधि लगातार कराई जाती है, जिससे बच्चे की पढ़ाई के साथ.साथ अन्य कार्य के महत्व को भी समझे और उनमें स्वावलंबन की भावना का विकास हो।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों की ली क्लास, दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में सीएम हेल्पलाइन 181 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की थानावार समीक्षा की गई साथ ही जिले में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु प्राथमिकता के आधार पर आमजन की समस्याओं की शिकायतों के संतुष्टि पूर्वक निराकरण तथा विशेष तौर पर नाबालिक बच्चों बच्चियों के अपहरण एवं महिला संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाकर निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में जिले के समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी व समस्त थाना चौकी प्रभारी के साथ कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा ।

# कौशल सिंह पंचतत्व में हुए विलीन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कौशल सिंह चौहान रिटायर्ड फॉरेस्ट ऑफीसर का शुक्रवार को इलाज के दौरान रीवा में निधन हो गया था। उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम बघवारी लाया गया, फिर शनिवार को अंतिम दर्शन के बाद उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि उनके बड़े बेटे राजू सिंह ने दी।

इस दौरान सैकड़ो लोगों की ऑखें नम हो गयीं। कौशल सिंह अपने बड़े बेटे, छोटे बेटे मनोज सिंह फार्माशिष्ट एवं नाती पोतों से भरे परिवार को छोड़ कर हमेशा के लिये अलविदा कह गयें। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में डॉ सुरेंद्र सिंह चौहान, हरिहर सिंह चौहान, रामायण सिंह चौहान, राजकरण सिंह, नरेंद्र सिंह, कृष्ण पाल सिंह, प्रदीप सिंह, नीरज सिंह, रामजी सिंह, लाल बहादुर सिंह, संत कुमार सिंह, राकेश सिंह, सतीष सिंह, हरीश सिंह, डॉ.के.पी.सिंह, सूरज सिंह सहित हजारों लोग शामिल हैं।

# विचार

## लो जी फिर आ गया मौसम स्मॉग का

'लो आया प्यार का मौसम' की तर्ज पर अब यह गाना भी गाया जा सकता है कि 'लो आया स्मॉग का मौसम'। हमारी ऋतुओं में अब स्मॉग को नयी ऋतु के रूप में शामिल कर लिया जाना चाहिए। अगर ऋतु छह होती हैं तो स्मॉग को सातवीं ऋतु के रूप में मान्यता दे देनी चाहिए। हालांकि, यह पता नहीं कि सात ऋतुएं होती कौन-सी हैं, वैसे ही जैसे यह पता नहीं होता कि इंद्रधनुष में सात रंग होते कौन से हैं। जैसे दुनिया के सात अजूबों की बात करते हुए लोग कई बार किसी आठवें अजूबे की भी बात करने लगते हैं।

वैसे ही स्मॉग को सातवीं ऋतु के रूप में मान्यता दे देनी चाहिए। बस फर्क यही है आठवां अजूबा वक्त-जरूरत के मुताबिक, मौके- मुकाम के मुताबिक और व्यक्तिगत पसंद के मुताबिक बदलता रहता है। लेकिन स्मॉग को सातवें मौसम के रूप में सभी से मान्यता मिल सकती है। कम से कम एनसीआर की पब्लिक से और राजनीतिक पार्टियों से तो अवश्य ही मिल सकती है। अलबत्ता यह जरूर हो सकता है कि राजनीतिक पार्टियां अपने फायदे के मुताबिक स्मॉग के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराने में लग जाएं, पर स्मॉग के मौसम से कोई इंकार नहीं करेगा।

जैसे सर्दी के आने की आहट सुबह-शाम की हल्की ठंडक से मिलने लगती है, वैसे ही दिल्ली- एनसीआर में स्मॉग के आने की आहट तब मिलने लगती है, जब सुबह के सूरज पर धुएं की हल्की-सी चादर तनने लगती है, आंखें जलने लगती हैं, गले में खराश होने लगती है, छीकें आने लगती हैं और नाक बहने लगती है। जब ज्ञानीजन और पर्यावरण प्रेमी किसानों को पराली जलाने के लिए गलियाने लगें और जब नासा के अंतरिक्ष से लिए गए चित्र पराली के फैलते और दिल्ली-एनसीआर को अपने आगोश में लेते धुएं की इमेज दिखाने लगें तो समझ जाइए कि स्मॉग का मौसम आ लिया है। हालांकि, सबसे ज्यादा शोर इसी मौसम के आने का मचता है बिल्कुल भेड़िया आया, भेड़िया आया वाले अंदाज में। सर्दी आने या गर्मी आने का इतना शोर कभी नहीं मचता। और वसंत ऋतु या पतझड़ के मौसम के आने जाने का खैर किसी को पता ही नहीं चलता।

खैर जी, जब जमना मैया सफेद बादलों भरे आकाश का-सा दृश्य पैदा करने लगे, जब विशेषज्ञ यह शोर मचाने लगे कि जमना के पानी में अमोनिया की मात्रा बढ़ गयी है, तब समझ जाइए कि स्मॉग का मौसम आ गया है। ऐसे में जमना में डुबकी लगाने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए नहीं तो हालत उन नेताजी जैसी हो सकती है जिन्होंने राजनीति साधने के लिए जमनाजी में डुबकी लगायी, जिससे स्किन प्रॉब्लम हो गयी और फिर अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। दिवाली के पटाखों की तो खैर बात ही क्या करनी।

# यूपी महिला आयोग ने किया पुरुष टेलरों का विरोध तो गरमाई सियासत

**अजय कुमार**

**उर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने युवतियों और महिलाओं को बैड टच से बचाने और पुरुषों के बुरे इरादों को रोकने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करके योगी सरकार के पास भेज रही है। यदि यह प्रस्ताव स्वीकार हो जाता है तो भविष्य में पुरुष टेलरों और बाल काटने वाले पुरूषों के सामने काफी परेशानी खड़ी हो सकती है। महिला आयोग ने कहा है कि पुरूष टेलरों को महिलाओं के कपड़े नहीं सिलने चाहिए और न ही उनके बाल काटने चाहिए। कुछ दिनों पूर्व यह प्रस्ताव राज्य महिला आयोग की बैठक में आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान की तरफ से पेश किया गया, जिसका बैठक में मौजूद अन्य सदस्यों ने समर्थन किया,जिसके बाद अब इसे कानूनी जामा पहनाने के लिये सरकार के पास भेजा जायेगा।**




महिला आयोग के इस फैसले पर अलग-अलग स्तर पर प्रतिक्रियां भी आना शुरू हो गई हैं। समाजवादी पार्टी के नेता जहां से बीजेपी की कारगुजारी बता रहे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने इसे बीजेपी की घिनौनी साजिश करार दिया है। भदौरिया का कहना है कि भगवा ब्रिगेड प्रदेश को साम्प्रदायिकता के आग में झोंक रही है,जिससे कोई नहीं बचेगा। आग लगाने वाले भी इसके शिकार हो जायेगा। वहीं बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी का कहना है कि महिला आयोग ने यदि ऐसा कोई फैसला लिया है तो जरूर उसके पास बैड टच को लेकर कुछ साक्ष्य मौजूद होंगे। अभी इस तरह का कोई प्रस्ताव सरकार के पास नहीं आया है,जब आयेगा तो इसके गुण-दोष के आधार पर फैसलाय लिया जायेगा।वहीं इन पेशों से जुड़े लोगों को इसकी आहट भर से रोजी रोटी की चिंता सताने लगी है। इन लोगों का कहना है कि किन्हीं एक-दो घटनाओं को आधार बनाकर इन धंधों से जुड़े लोगों की जिविका नहीं छीनी जानी चाहिए। सरकार को यदि कुछ कमी नजर आती है तो वह सुधार कर सकती है। बता दें महिला दर्जी, नाई और जिम ट्रेनर जैसे व्यवसायों में एक वर्ग विशेष के लोगों का वर्चस्व है। अक्सर यहां महिलाओं के साथ बैड टच के मामले भी सामने आते रहते हैं।

बता दें कि 28 अक्टूबर को हुई महिला आयोग की एक बैठक के बाद कई ऐसे सुझाव दिए गए, जिनमें पुरुषों को महिलाओं का नाप लेने की अनुमति नहीं देना और शॉप पर सीसीटीवी कैमरे लगाना आदि शामिल हैं। फिलहाल, अभी यह सिर्फ एक प्रस्ताव है और महिला आयोग बाद में राज्य सरकार से इस संबंध में कानून बनाने का अनुरोध कर रहा है। इस बाबत यूपी महिला आयोग की सदस्य हिमानी अग्रवाल ने आज बताया कि हाल ही में हुई महिला आयोग की बैठक में एक प्रस्ताव रखा गया था कि केवल महिला टेलर ही महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले कपड़ों का नाप लें। साथ ही शॉप पर सीसीटीवी लगाए जाएं। हिमानी अग्रवाल ने यह भी कहा है कि इसी तरह से सैलून में केवल महिला नाई ही महिला ग्राहकों की देखभाल करें. क्योंकि, हमारा मानना है कि इस तरह के पेशे में शामिल पुरुषों की वजह से महिलाओं के साथ छेड़छाड़ होती है. वे (पुरुष) गलत व्यवहार करने की कोशिश करते हैं। कुछ पुरुषों की मंशा भी अच्छी नहीं होती है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा नहीं है कि सभी पुरुषों की मंशा खराब होती है.

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने कहा कि जिस जिम में महिलाएं जाती हैं, उन जिमों में महिला ट्रेनर होनी चाहिए। सभी जिम ट्रेनर का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाना चाहिए। जो महिला किसी पुरुष ट्रेनर से ट्रेनिंग लेना चाहे तो उसे लिखित में देना होगा। क्योंकि, महिला आयोग को लगातार जिम जाने वाली महिलाओं और लड़कियों के शोषण की शिकायत मिल रही हैं, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। साथ ही जिस टेलर शॉप में महिलाओं के कपड़े सिलते हैं, वहां नाप लेने के लिए महिला टेलर को रखा जाना सुनिश्चित किया जाए। यही नहीं जिन स्कूल बसों में लड़कियां जाती हों उनमें महिला कर्मचारी हो. फिलहाल, महिला आयोग ने सभी जिलों को इस संबंध में आदेश दिए हैं. जो नहीं मानेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जनभागीदारी से ही सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

**प्रो. सुखदेव सिंह**

भारत एक विशाल देश है, जिसकी सांस्कृतिक विरासत भी उतनी ही अद्वितीय और विशाल है। हालांकि, यह विरासत प्राचीन स्मारकों, पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम 1958 (2010 में संशोधित) के तहत कानूनन संरक्षित राष्ट्रीय और राज्य महत्व की कुछ चयनित इमारतों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें देश के प्राकृतिक संसाधन, कला, शिल्प और ज्ञान भी शामिल हैं, जो कानूनी रूप से असंरक्षित हैं। देश की प्रगति और शहरीकरण के कारण यह तेजी से नष्ट हो रही है, न कि प्राकृतिक आपदाओं या उम्र बढ़ने के कारण। इसलिए, इस सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए केवल सरकारी प्रयासों के बजाय लोगों की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है।

सर्वप्रथम, 'असुरक्षित' सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए लोगों का सहयोग आवश्यक है क्योंकि वे ही इसके वास्तविक उत्तराधिकारी और मालिक हैं। दूसरा, लोगों की भागीदारी से सांस्कृतिक विरासत उनके जीवन से जुड़ी रहती है और इसके उपयोग तथा सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों में एकीकृत होती है। तीसरा, यह रखरखाव और संरक्षण प्रयासों को लागत प्रभावी, किफायती और टिकाऊ बनती है। चौथा, यह भौगोलिक, सांस्कृतिक, भाषाई और धार्मिक मतभेदों को देखते हुए विभिन्न ज्ञान स्त्रोतों को एकीकृत कर स्थानीय और प्रामाणिक शिल्प कौशल को प्रोत्साहित करता है। भारत की विशाल सांस्कृतिक विरासत, जो ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से अत्यधिक विविध है, को केवल ए.एम.एस.आर. अधिनियम, 1958 के तहत संरक्षित नहीं किया जा सकता। इस अधिनियम के तहत केवल 100 वर्ष या उससे पुरानी इमारतें और स्मारकीय स्थल संरक्षित किए जाते हैं, जिनमें से कई सरकारी स्वामित्व में हैं। हालांकि, संरक्षण की प्रक्रिया महंगी और सीमित है, और प्राकृतिक क्षय के अलावा अन्य दबावों के कारण देश की विशाल सांस्कृतिक धरोहर खतरे में है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों और स्थलों का संरक्षण करता है, जबकि राज्य पुरातत्व विभाग क्षेत्रीय महत्व के स्मारकों की देखभाल करता है। अन्य सांस्कृतिक धरोहरों को पुरावशेष और कला खजाना अधिनियम, 1972 के तहत विनियमित किया जाता है। हालांकि, इन प्रयासों का दायरा सीमित और महंगा है, इस स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। वर्ष 1972 के यूनेस्को विश्व धरोहर सम्मेलन के बाद, सांस्कृतिक विरासत की समझ में महत्वपूर्ण बदलाव आया। जिसमें महलों और स्मारकों के साथ-साथ आम घरों, दुकानों और दैनिक उपयोग की इमारतों को भी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा माना जाने लगा। ये संरचनाएं समुदायों की प्रचलित परंपराओं और जीवनशैली को दर्शाती हैं, और शहरी सड़कों, बाजारों तथा चौराहों के रूप में एक 'सांस्कृतिक परिदृश्य' भी बनाती हैं।

सांस्कृतिक विरासत, चाहे वह आलीशान स्मारकों की तरह महत्वपूर्ण हो, फिर भी 'असुरक्षित' है और शहरीकरण, आधुनिकीकरण तथा विकास नीतियों के दबाव में लगातार खतरे में है। इसे संरक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान, मौजूदा नीतियों में संशोधन और स्थानीय सरकारों द्वारा 'विरासत नियमों' का निर्माण आवश्यक है। इसके अलावा, प्राचीन वास्तुकला या सांस्कृतिक विशेषताओं के आधार पर इमारतों और स्थलों की सूची तैयार करना और 'विरासत यात्रा' जैसे प्रयासों को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। विरासती इमारतों, स्थानों और कलाकृतियों की सूची 'असुरक्षित' सांस्कृतिक विरासत की पहचान, संरक्षण और वकालत के लिए एक महत्वपूर्ण डेटा संग्रह हो सकती है, जो अनुसंधान और राष्ट्रीय रजिस्टर का आधार बने।

# राजस्थान विधानसभा उपचुनावः गढ़ बचाने में लगी पार्टियां

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में आगामी 13 नवंबर को सात विधानसभा सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। सात में से पांच विधानसभा सीटों झुंझुनू, दौसा, खींवसर, देवली-उनियारा, चौरासी में वहां के विधायकों के सांसद बनने के चलते इस्तीफा देने से उपचुनाव होने जा रहे हैं। वहीं सलूंबर व रामगढ़ में विधायकों की मृत्यु होने के चलते उपचुनाव हो रहे हैं। हालांकि इन विधानसभा उपचुनावो के नतीजों से प्रदेश की राजनीति में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इससे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार को कोई खतरा होने वाला नहीं है।

मगर इन उपचुनाव के नतीजे का असर प्रदेश की राजनीति में कई पार्टियों व उनके नेताओं के राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करेगा। 2023 के विधानसभा चुनाव में सात विधानसभा सीटों में से चार सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक थे। वही एक सीट पर भाजपा, एक पर राष्टीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) व एक पर भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) का विधायक था।

जिन सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे है। उनमें से प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के पास सिर्फ एक सलूंबर की सीट थी। जहां उनके लगातार तीन बार के विधायक अमृतलाल मीणा के निधन के चलते उपचुनाव हो रहा है। भाजपा के लिए सलूंबर की सीट जीतना प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। इसीलिए भाजपा ने दिवंगत विधायक की पत्नी शांता मीणा को टिकट देकर सहानुभूति का लाभ उठाना चाहती है। इसके अलावा प्रदेश की अन्य विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी भाजपा पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। उपचुनाव में हार जीत के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में बहुत अच्छा नहीं रहा था। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चाहते हैं कि सभी सात सीटों पर उपचुनाव में उनकी पार्टी के प्रत्याशियों को विजय बनवाकर भाजपा आला कमान की नजरों में अपनी मजबूत छवि बना सके। भाजपा प्रदेश की सभी सातों सीटों पर पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने समय रहते अपने सभी बागियों को मना कर एकजुटता का संदेश देने में सफल रही है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ उतरे बागियों को चुनाव से हटाने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयास सफल रहे हैं। प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों के उपचुनाव में विजय हासिल करने के चक्कर में भाजपा ने अपनी नीति व सिद्धांतों को भी ताक पर रख दिया है। दौसा सीट पर राजस्थान सरकार में मंत्री डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को प्रत्याशी बनाया है। जबकि दौसा सीट सामान्य वर्ग की सीट है। मगर भाजपा ने डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के दबाव में अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया है। डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के भतीजे राजेन्द्र मीणा भी महुआ से विधायक है। इस तरह एक परिवार के तीन लोगों को पार्टी ने टिकट देकर परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। वही 2023 के विधानसभा चुनाव में झुंझुनू से भाजपा के प्रत्याशी निशित कुमार उर्फ बबलू के खिलाफ निर्दलीय



चुनाव लड़ने वाले राजेंद्र भांभू व रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले सुखवंत सिंह को टिकट देकर मैदान में उतार दिया है।

देवली-उनियारा सीट पर भी भाजपा ने पिछली बार चुनाव लड़े कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला का टिकट काटकर पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर को मैदान में उतारा है। वहीं खींवसर सीट पर रालोपा के अध्यक्ष व नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल को पिछले विधानसभा चुनाव में कड़ी टक्कर देकर मात्र 2059 वोटो से हारने वाले रेवतराम डागा को फिर से मैदान में उतारा है। चौरासी सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की करारी हार हुयी थी। इस बार भाजपा ने वहां नया प्रत्याशी कारीलाल ननोमा को मैदान में उतारा है। भाजपा प्रत्याशी सीमलवाड़ा पंचायत समिति के प्रधान है तथा सादड़िया के सरपंच रह चुके हैं। अब उनकी पुत्रवधू रेखा सरपंच है। उनकी पत्नी हाकली देवी भी सरपंच रह चुकी है। क्षेत्र में अच्छी पकड़ होने के कारण राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि इस बार वहां भाजपा कड़ी टक्कर दे सकती है।

कांग्रेस को अपनी चार सीट झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा व रामगढ़ फिर से जितनी होगी। साथ ही अन्य तीन सीटों पर भी अपनी ताकत दिखानी होगी कांग्रेस ने झुंझुनू सें सांसद बने बृजेंद्र सिंह ओला के बेटे अमित ओला को मैदान में उतारा है। अमित ओला ओला परिवार की तीसरी पीढ़ी है तथा उनके दादा शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद नौ बार विधायक केंद्र तथा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे। वहीं रामगढ़ सीट पर दिवंगत विधायक जुबेर खान के पुत्र आर्यन खान को उतार कर सहानुभूति के बल पर चुनाव जीतना चाहती है। दौसा सामान्य सीट पर कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के दीनदयाल बैरवा को टिकट देकर मैदान में उतारा है। देवली-उनियारा से पूर्व अधिकारी कस्तूर चंद मीणा को मैदान में उतारा है। यहां कांग्रेस के बागी नरेश मीणा चुनाव को त्रिकोणात्मक बना रहे हैं। नरेश मीणा को कांग्रेस पार्टी मनाने में नाकाम रही है। जिसके चलते कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति ज्यादा बेहतर नहीं मानी जा रही है। सलूंबर में कांग्रेस ने 2018 में निर्दलिय चुनाव लड़कर कांग्रेस को हराने वाली रेशमा मीणा को मैदान में उतारा है। जिससे नाराज होकर सांसद, विधायक व मंत्री रह चुके रघुवीर मीणा अंदर खाने पार्टी प्रत्याशी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। चौरासी सीट पर कांग्रेस पार्टी ने इस बार 29 साल के नए प्रत्याशी महेश रोत को मैदान में उतारा है। खींवसर सीट पर कांग्रेस पार्टी ने महिला प्रत्याशी रतन चैधरी को मैदान में उतार कर हनुमान बेनीवाल के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाई है।

# स्कूल से गायब प्राचार्य समेत पांच टीचर सस्पेंड

## सरकारी योजनाओं का हाल जानने मैदानी इलाकों में पहुंचे कलेक्टर, स्कूल से गायब मिले प्रिंसिपल और टीचर





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में स्कूल से गायब प्राचार्य समेत पांच टीचर को कलेक्टर ने सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, ये सभी टीचर स्कूल से गायब थे। यहां मध्यान्ह भोजन में मेनू का पालन नहीं किया जा रहा था। वहीं, एक टीचर ने उपस्थिति पंजी में एडवांस में अपना हस्ताक्षर कर दिया था। दरअसल, कलेक्टर अवनीश शरण शनिवार को मस्तूरी ब्लॉक में सरकारी योजनाओं का हाल जानने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने स्कूल का औचक निरीक्षण भी किया।

शनिवार को कलेक्टर अवनीश शरण ने जयरामनगर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पता चला कि स्कूल से प्राचार्य, संकुल समन्वयक समेत पांच टीचर बिना सूचना के गायब हैं। जांच में पता चला कि एक शिक्षक ने उपस्थिति पंजी में आने वाले सोमवार का भी हस्ताक्षर कर दिया है। स्कूल में मध्याह्न भोजन की मेनू का भी पालन नहीं किया जा रहा था। निलंबन की अनुशंसा जिन शिक्षकों के विरुद्ध की गई है, उनमें स्वामी आत्मानंद स्कूल की प्राचार्य एम मोइत्रा, व्याख्याता एलबी मनोज कुमार तिवारी, व्याख्याता एलबी उषा महानंद, व्याख्याता एलबी प्रदीप कुमार राठौर और संकुल समन्वयक गणेश राम मिरी शामिल है। डीपीआई और संयुक्त संचालक शिक्षा को उनके निलंबन का प्रस्ताव भेजा गया है। इस दौरान कलेक्टर ने मस्तूरी ब्लॉक के जयराम नगर सहित कई गांवों का दौरा किया और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

**भू-अर्जन के कारण अटका है एनएचएआई का काम:** कलेक्टर ने बिलासपुर जिले की सीमा में ढेका से मुड़पार तक राष्ट्रीय राजमार्ग ऑथोरिटी (एनएचएआई) द्वारा बनाए जा रहे सड़क मार्ग का भी निरीक्षण किया। यहां ग्राम ढेका के नजदीक भू अर्जन संबंधी कुछ मामला लंबित है। उन्होंने स्थल निरीक्षण कर मामले को समझा और एसडीएम बिलासपुर को आगे की कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। दअरसल, मुआवजा प्रकरण लंबित होने के कारण पिछले लगभग दो साल से काम अटका हुआ है।

बिलासपुर से उरगा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की लगभग 17 किलोमीटर सड़क की सीमा इस जिले में आती है। उन्होंने क्षेत्र के आखिरी गांव मुड़पार तक दौरा कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने और गुणवत्ता पर समझौता नहीं करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान की खेतों का भी अवलोकन किया। साथ हीजयराम नगर में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का भी जायज़ा लिया। उन्होंने बीएलओ से चर्चा कर जरूरी फॉर्मों की उपलब्धता और कामकाज की प्रगति की जानकारी ली।

**खाली पड़े हैं डॉक्टर और स्टाफ निवास, जांच के दिए निर्देश:** कलेक्टर ने जयराम नगर और मस्तुरी में स्वास्थ्य व्यवस्था का भी जायज़ा लिया। जयराम नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन के रिनोवेशन कार्य को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। इसके लिए आरईएस विभाग को ढाई लाख रुपए दिए गए हैं। उन्होंने अस्पताल की विभिन्न वार्डों का अवलोकन किया। दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। परिसर में डॉक्टरों और स्टाफ के निवास के लिए 6 फ्लैट्स के उपयोग नहीं होने पर इसकी जांच के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने मस्तूरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नए बने अस्पताल भवन में पुराने अस्पताल को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अमित सिन्हा, बिलासपुर एसडीएम पीयूष तिवारी, राष्ट्रीय राजमार्ग अथॉरिटी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

---

रेप पीड़िता ने सुसाइड से पहले किया ङ्कद्बस्थ्रश्व पोस्ट बोली- मरने जा रही हूं, सोनू सिंह मौत का जिम्मेदार; बलरामपुर में कुएं में मिली लाश

बलरामपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में रेप पीड़िता युवती ने प्रेमी के खिलाफ इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर आत्महत्या कर ली। उसने लिखा कि, मैं मरने जा रही हूं। मेरी मौत का जिम्मेदार सोनू सिंह और उसका भाई है। युवती दो दिन से लापता थी। इसी बीच शुक्रवार को गांव के ही कुएं में उसकी लाश मिली। मामला बलरामपुर थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, सुसाइड से पहले युवती वीडियो पोस्ट में कह रही है कि केस खत्म करवाने के लिए उसने मुझसे मंदिर में शादी की, फिर किसी और से कोर्ट मैरिज कर ली। सोनू ने मेरे फोन से शादी की फोटो डिलीट कर मारपीट की। धमकी दी थी कि, किसी को बताया तो तुम्हें मार देंगे। इसलिए मैं आत्महत्या कर रही हूं।

5 नवंबर से थी लापता

उसके पिता का कहना है कि, 20

# गैस सिलेंडर फटा, युवक की मौत

## वेल्डिंग करते समय हुआ हादसा, कारपेंटर का करता था काम, मालिक की बच गई जान





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में वेल्डिंग दुकान में काम करते समय अचानक गैस सिलेंडर फट गया। हादसे में दुकान के अंदर बैठे कारपेंटर की मौत हो गई। जिस समय सिलेंडर फटा, दुकान मालिक बाहर काम कर रहा था। हालांकि, उसे चोट नहीं आई है। हादसा कैसे हुआ, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है।

दरअसल, मोपका के गोंडपारा निवासी दिलीप धुर्वे की गैस वेल्डिंग की दुकान है। मोपका निवासी चंद्रप्रकाश केंवट (22) का दुकान में आना-जाना था। रोज की तरह चंद्रप्रकाश गुरुवार की शाम दिलीप की दुकान पर आया। इस दौरान दिलीप अपने काम में व्यस्त था। वहीं, चंद्रप्रकाश दुकान के अंदर बैठा था।

**अचानक हुआ विस्फोट:** इसी दौरान वेल्डिंग करते समय दुकान के अंदर जोरदार विस्फोट के साथ धमाका हुआ। पता चला कि गैस का सिलेंडर फट गया। आवाज सुनकर दिलीप सहित आसपास के लोग दुकान के अंदर गए। तब चंद्रप्रकाश खून से लथपथ बेहोश पड़ा था। लोगों ने आनन-फानन में उसे अपोलो अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया।

इस हादसे की खबर मिलते ही परिजन सहित अन्य लोगों की भीड़ अस्पताल पहुंच गई। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद उसे परिजन को सौंप दिया है।

**कैसे हुआ हादसा स्पष्ट नहीं:** मोपका चौकी प्रभारी और एएसआई रामनरेश यादव ने बताया कि, घटना की सूचना पर फोरेंसिक टीम ने मौके पर सैंपल लिए हैं। सिलेंडर को जब्त कर लिया गया है। पीएम और फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही आसपास के दुकान संचालकों से भी पूछताछ की गई है।

फिलहाल, सिलेंडर कैसे फटा इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**धमाके की आवाज से सहम गए लोग:** घटना के समय मोपका चौक के पास दुकानों में संचालक और कर्मचारी काम कर रहे थे। वहां पर सब कुछ सामान्य था। अचानक तेज आवाज के साथ सिलेंडर फटा और जोरदार धमाके की आवाज आई। जिसके बाद लोग सहम गए। लोगों को कुछ समझ में नहीं आया। इधर, वेल्डिंग दुकान में मौजूद लोग बाहर की ओर भागे। थोड़ी देर के बाद जब वे दुकान में पहुंचे तो चंद्रप्रकाश वहां पर लहूलुहान पड़ा था।

# छठ पूजा से पहले हत्या की रची साजिश

## वारदात से पहले 2 आरोपी गिरफ्तार, इंस्टाग्राम पर लाइव कर रहे थे बातचीत



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** दुर्ग में कुख्यात आरोपी के एनकाउंटर के बाद पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इसी बीच पुलिस ने एक और मामले में हत्या की वारदात से पहले ही आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। दरअसल, दो दिन पहले दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला के पास एक वीडियो पहुंचा था। इस वीडियो में आरोपी मनीष दास मानिकपुरी, संदीप शर्मा, बॉबी सिंह और एक अन्य इंस्टाग्राम पर लाइव बात कर रहे थे। वीडियो में आरोपी भिलाई पावर हाउस निवासी युवक की मर्डर की प्लानिंग बना रहे थे।

छठ पूजा से पहले हत्या की थी प्लानिंगआरोपी भिलाई के दो लड़कों से बता रहे थे कि, उस लड़के ने संदीप शर्मा को धोखा दिया है। उसकी पत्नी को अपनी पत्नी बनाकर रखा है। वो लोग छठ के दिन भिलाई पावर हाउस पहुंच रहे हैं। छठ पूजा से पहले ही उसको निपटा देना है। इस वीडियो को देखते ही दुर्ग एसपी ने तुरंत छावनी सीएसपी और टीआई को अलर्ट किया। छावनी पुलिस ने अमलेश्वर पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद सबसे पहले खुर्सीपार शिवाजी नगर चंद्रमा चौक में रहने वाले बॉबी सिंह पिता मनजीत सिंह (24) को गिरफ्तार किया।

**आरोपी गिरफ्तार:** बॉबी ने पुलिस को पूरी सच्चाई बताई। इसके बाद उसकी निशानदेही पर हत्या की वारदात होने से पहले ही पुलिस ने अमलेश्वर थाना क्षेत्र के कोपेडीह शिव वाटिका फेस-1 निवासी संदीप शर्मा (25) पिता शत्रुघन शर्मा और बीएसपी कॉलोनी सरस्वती नगर सुयश अस्पताल के पीछे रायपुर निवासी मनीष दास मानिकपुरी को गिरफ्तार किया। एक आरोपी अभी फरार है।

### नवविवाहिता ने लगाई फांसी, बहू से शारीरिक संबंध बनाना चाहता था ससुर

**मीडिया ऑडीटर, गरियाबंद एजेंसी।** गरियाबंद जिले में 6 नवंबर की देर रात नवविवाहिता नेहा यादव (25) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका ससुर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहता था। जब उसने अपने पति को बताया, तो उसने भी इसे नजरअंदाज कर दिया।

मामला फिंगेश्वर के लचकेरा गांव का है। पुलिस ने शिकायत के बाद मामले की गंभीरता से जांच की। मृतका नेहा यादव के पास सुसाइड नोट भी मिला था।

# जमीन पर लेटी सैकड़ों महिलाओं पर चले बैगा

## शादी के 3 साल बाद भी संतान नहीं, बच्चे की चाहत में अंगारमोती की शरण में महिलाएं





**मीडिया ऑडीटर, धमतरी एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में अंगार मोती माता मंदिर परिसर में सैकड़ों महिलाओं के ऊपर से बैगाओं के चलने का वीडियो सामने आया है। मान्यता है कि बैगा पर मां अंगारमोती का वास होता है। जिस महिला पर बैगा के पैर पड़ जाते हैं, उसकी सूनी गोद भर जाती है। दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में महिलाएं माता के दरबार में आती हैं। वीडियो में दिख रहा है कि निसंतान महिलाएं बाहें फैलाकर नींबू, नारियल और अन्य पूजा सामग्री लेकर पेट के बल लेटी हैं। उनके ऊपर से बैगा झंडा-पताका लेकर चल रहे हैं। इस मड़ई मेले में 52 गांव से देवी-देवता, डांग, डोरी, बैगा, सिरहा और गायता पुजारी पहुंचे थे।

**मनोकामना पूरी होने पर फल चढ़ाती हैं महिलाएं:** दरअसल, धमतरी के गंगरेल में आदिशक्ति मां अंगारमोती माता विराजमान है। यहां श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। गंगरेल की मां अंगारमोती माता के प्रांगण में जिलेभर में सबसे पहले मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। मनोकामना पूरी होने के बाद इच्छा अनुसार महिलाएं फल चढ़ाती हैं।

**मन्नत के लिए सुबह से पहुंची थी महिलाएं:** मन्नत पूरी करने पहुंची महिला सविता साहू, दुर्गा कश्यप, सुनीता देवांगन, पूजा और नंदनी का कहना है कि, मां अंगारमोती माता के बारे में सुनने के बाद वो भी माता के दरबार पहुंची हैं। सुबह 4 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मनोकामना के लिए खड़ी रहीं। ज्यादातर महिलाओं की शादी को 3 साल हो गए, लेकिन बच्चा नहीं हुआ है।

**बैगा के ऊपर माता का होता है वास:** मां अंगारमोती माता ट्रस्ट के सदस्य जयपाल सिंह ध्रुव का कहना है कि, यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। पुजारी के ऊपर मां अंगारमोती माता वास करती हैं। जब से माता को गंगरेल में स्थापित किया गया है, तब से गंगरेल में यह आयोजन हो रहा है।

**सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मन्नत मांगने आती हैं:** जयपाल सिंह ध्रुव ने बताया कि दिवाली के बाद पहले शुक्रवार के दिन महिला संतान प्राप्ति के लिए यह मन्नत करती हैं, क्योंकि इस दिन विशेष महत्व होता है, जिनके कारण सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मन्नत मांगने आती हैं।

**गंगरेल के निर्माण के बाद दोबारा हुई स्थापना:** मां अंगारमोती माता ट्रस्ट के सदस्य शिवचरण नेताम का कहना है कि, माता का निवास पहले डुबान के ग्राम चवर में था। जब गंगरेल बांध का निर्माण हुआ, तो उस समय अर्जी विनती कर 52 गांव के देवी देवताओं ने मिलकर उन्हें यहां स्थापित किया, जिसके बाद से माता की मान्यता और बढ़ती जा रही है।

**कहां स्थित है मां अंगारमोती मंदिर:** अंगार मोती माता मंदिर धमतरी जिले के गंगरेल बांध के किनारे स्थित है, जो जिले से महज 13 की दूरी पर है। जहां आप बड़ी आसानी से किसी भी यात्रा के साधन से पहुंच सकते हैं। वहीं वहीं रायपुर से 93 किलोमीटर की दूरी पर है। यह मंदिर आस्था का केंद्र है। यहां रोजाना सैकड़ों भक्त मां देवी अंगारमोती के दर्शन के लिए आते हैं।

**अंगारमोती माता किसकी बेटी है:** धमतरी जिले में प्रतिष्ठित अंगार मोती माता ऋषि अंगीरा की पुत्री है, जो पहले सिहावा के पास गठुला में रहते थे। वर्तमान में गंगरेल बांध के किनारे विराजमान है।

---

### टैक्ट्रर से उछलकर गिरा नाबालिग, पहिए के नीचे आया

## मौके पर मौत, बिलासपुर में 16 साल के लड़के से कराया जा रहा था मजदूरी



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर जिले में तेज रफ्तार ट्रैक्टर के नीचे आने से एक नाबालिग की जान चली गई। बताया जा रहा है कि, ट्रैक्टर में 16 साल के लड़के से मजदूरी कराया जा रहा था। ईंट से भरे ट्रैक्टर में लड़का इंजन पर बैठा था। इसी बीच ट्रैक्टर से उछलकर वो सड़क पर गिर गया। पहिए के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। घटना पचपेड़ी थाना क्षेत्र की है।

दरअसल, ग्राम चिल्हाटी निवासी समीर कंवर (16) रोजी-मजदूरी करता था। शुक्रवार को ट्रैक्टर ड्राइवर के साथ वो ईंट लेने के लिए कुकुर्दीकेरा स्थित ईंट भट्ठा गया था। यहां ट्रॉली में ईंट लोड करने के बाद समीर ट्रैक्टर के इंजन वाली सीट पर बैठकर गांव लौट रहा था।

**इंजन से उछलकर सड़क पर गिरा, पहिए में दबने से मौत:** ट्रैक्टर भट्ठे से निकलकर कुछ दूर ही निकला था। तभी सामने ब्रेकर देखकर भी ड्राइवर ने स्पीड कम नहीं किया। इसके चलते समीर ट्रैक्टर के इंजन से उछलकर सड़क पर गिर गया। जिसके बाद वो पहिए के नीचे आकर दब गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**खबर मिलते ही पहुंच गए परिजन:** ट्रैक्टर में समीर के मजदूर साथी भी सवार थे। उन्होंने हादसे की जानकारी उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इस घटना के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने पूछताछ के बाद ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। साथ ही शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है।

**श्रम कानून का उल्लंघन, 16 साल के लड़के से करा रहा था मजदूरी:** इस हादसे के बाद श्रम कानून का उल्लंघन करने का भी मामला सामने आया है। प्रावधान के अनुसार किसी भी नाबालिग से मजदूरी कराना अपराध है। लेकिन, यहां ट्रैक्टर मालिक और चालक 16 साल के लड़के से मजदूरी करा रहे थे। हालांकि, पुलिस इस मामले की जांच करने के बाद कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### शराब के लिए पैसे नहीं दिए,तो पिता को मार डाला

## दुर्ग में बेटे ने सिर पर फावड़ा मारकर की हत्या, भाई ने भागकर बचाई जान



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** भिलाई के खुर्सीपार थाना क्षेत्र में एक शराबी बेटे ने अपने पिता को इसलिए मौत के घाट उतार दिया, क्योंकि उसने उसे शराब के लिए पैसा देने से मना कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र के बालाजी नगर का है।

दरअसल, करण नारायण सिंह (33) आदतन शराबी है। पिछले 7 नवंबर की रात घर में आरोपी करण उसका बड़ा भाई वीर बहादुर और पिता श्याम नारायण खाना खाकर अपने अपने कमरे में सोने चले गए थे। इसके बाद घर के बाकी सदस्य भी सोने चले गए।

8 नवंबर को तड़के 4 बजे वीर बहादुर को घर के बाहर बर्तन तोड़फोड़ करने की आवाज सुनाई दी। वो बाहर निकाला तो देखा कि करण फावड़ा लेकर बाहर खड़ी बाइक में तोड़फोड़ कर रहा है। वीर बहादुर उसे रोकने के दौड़ा तो करण ने उससे कहा कि, उसने अपने बाप को मार दिया है। अगर आगे आया तो उसे भी मार देगा।

**खून से लथपथ पड़ा था पिता का शव:** वीर बहादुर ने देखा कि, करण काफी गुस्से में था। उसके पूरे शरीर में खून के छीटे पड़े हुए थे। वो काफी डर गया। घर के बाकी लोग भी शोरगुल सुनकर उठ गए। वीर बहादुर दौड़कर पिता के कमरे में गया तो देखा कि पिता की खून से लथपथ लाश पलंग पर पड़ी है।

जब वीर बहादुर पिता की लाश को देखकर चिल्लाया और लोगों को बुलाने की कोशिश की तो करण उसे भी जान से मारने के लिए दौड़ा, लेकिन वो किसी तरह बच गया और जान बचाकर पीछे के दरवाजे से बाहर भागा। इसके बाद उसने खुर्सीपार पुलिस को सूचना देकर बुलाया।

**पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी भागा:** सूचना मिलने के बाद जब तक खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंचती आरोपी घर से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए भेजा। इसके बाद एक टीम गठित करके आरोपी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**आरोपी ने बताया कि, पिता ने नहीं दिया शराब के लिए पैसे:** आरोपी भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) में ठेका मजदूरी का काम करता है। वो शराब पीने का आदी है। जब भी उसके पास पैसे नहीं होते तो वो अपने पिता से पैसे लेता था। घटना की रात को भी उसने पिता से पैसे मांगे थे, लेकिन उसने पैसे देने से मना कर दिया। इससे उसके बीच बहस हुई। नाराज होकर उसने पास में रखे फावड़े से पिता के सिर पर वार किया। उससे वो वहीं ढेर हो गया।

## कुवांरपुर में 15 को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कुवांरपुर में 15 नवम्बर 2024 को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण करना और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है।

शिविर के लिए स्थान और तिथि निश्चित करते हुए कार्ययोजना के अनुसार नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही शिविर के सफल संचालन की जिम्मेदारी के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपी गई है।

शिविर का आयोजन 15 नवम्बर 2024 को दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत कुवांरपुर में किया जाएगा। इस शिविर में सुश्री सतरूपा साहू (तहसीलदार, विकासखंड-भरतपुर ) को प्रभारी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 9827969600 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही ऋषि कुमार सहायक (विकास विस्तार अधिकारी, जनपद पंचायत भरतपुर ) को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइल नम्बर 8225864119 पर संपर्क किया जा सकता है।

जिला स्तर के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं का स्टॉल लगाकर उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित समय से पहले शिविर स्थल पर पहुंचकर शिविर का सफलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित करेंगे।

# मोदी बोले-हिमाचल, तेलंगाना, कर्नाटक कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएम

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार दूसरे दिन रैली की। उन्होंने शनिवार को अकोला में एक बार फिर एक हैं तो सेफ हैं का नारा दिया। इससे पहले 8 नवंबर को नासिक और धुले की रैली में भी उन्होंने यह नारा लगाया था। आज अकोला की रैली में पीएम के निशाने पर एक बार फिर कांग्रेस ही रही। उद्धव ठाकरे और शरद पवार के बारे में एक शब्द नहीं बोला। उन्होंने कहा- जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 की वापसी की मांग हो रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी इसका समर्थन करते हैं। पाकिस्तान भी यही चाहता है। पीएम ने कहा- कांग्रेस की सरकार जिस राज्य में बन जाती है, वह राज्य शाही परिवार (गांधी परिवार) के लिए पीएम बन जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक सरकार का जिक्र किया। कहा- चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन राज्यों में डबल हो गई है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि चुनाव जीतने के बाद क्या लूट होगी। 1. राम मंदिर पर मोदी बोले- एक बार फिर महायुति के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज 9 नवंबर है, ये तारीख बहुत



ऐतिहासिक है। आज ही के दिन 2019 में देश की सर्वोच्च अदालत ने राम मंदिर पर फैसला दिया था। 9 नवंबर की तारीख इसलिए भी याद की जाएगी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हर धर्म के लोगों ने संवेदनशीलता का परिचय दिया। ये राष्ट्र प्रथम की भावना है। पीएम ने जय श्री राम का नारा भी लगाया।

2. एक हैं तो सेफ हैं पर मोदी बोले- कांग्रेस अच्छी तरह जानती है, जितना देश कमजोर होगा, उतना ही वे मजबूत होंगे।

जब कांग्रेस मजबूत होगी, देश मजबूर होगा। कांग्रेस विभिन्न जातियों के बीच विभाजन पैदा करती है। इसने हमारी जातियों को कभी एकजुट नहीं होने दिया। अगर हमारी जातियां एकजुट नहीं रहेंगी और एक-दूसरे के साथ संघर्ष करती रहेंगी, तो कांग्रेस इसका फायदा उठाएगी। आपको सचेत रहना होगा। याद रखें, एक हैं तो सेफ हैं।

## उलेमा बोर्ड की मुसलमानों को 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ने महाविकास अघाड़ी को समर्थन देने के लिए मुस्लिमों को 10 फीसदी आरक्षण, आरएसएस पर बैन जैसी 17 शर्तें रखी हैं। बोर्ड ने 7 नवंबर को एनसीपी (एसपी) चीफ शरद पवार, शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को चिट्ठी लिखी। चिट्ठी में उलेमा बोर्ड ने कहा है कि अगर महाराष्ट्र में एमवीए की सरकार बनती है तो वे वक्फ बिल का विरोध करें। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बैन लगाएं। बोर्ड ने महाराष्ट्र में मुस्लिमों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण और मुस्लिमों के खिलाफ बयान देने वाले भाजपा विधायक नीतिश राणे जैसे नेताओं पर कार्रवाई की मांग की है। उधर, भाजपा ने धर्म आधारित आरक्षण की मांग पर आपत्ति जताई। सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, संविधान के तहत धर्म आधारित आरक्षण की अनुमति नहीं है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले जमीयत उलेमा-ए-हिंद से कैसे कहते हैं कि वे मुसलमानों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की उनकी मांग पर विचार करेंगे। महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को चुनाव होंगे। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। भाजपा महायुति गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 148, शिंदे गुट ने 80, अजित गुट ने 53 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। बाकी सीटें छोटे दलों को दी हैं।

## सीजेआई बनने से पहले जस्टिस खन्ना ने मॉर्निंग वॉक छोड़ी

नई दिल्ली। 11 नवंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश की शपथ लेने जा रहे जस्टिस संजीव खन्ना ने मॉर्निंग वॉक छोड़ दी है। दरअसल, जस्टिस खन्ना को सिक्योरिटी के साथ मॉर्निंग वॉक पर जाने की सलाह दी गई थी, लेकिन जस्टिस खन्ना ने इससे इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी की आदत नहीं है। जस्टिस खन्ना सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस संजीव खन्ना भारत के 51वें चीफ जस्टिस होंगे। वह 11 नवंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश की शपथ लेंगे।

जस्टिस खन्ना दिल्ली में हर सुबह लोधी गार्डन एरिया और अपने घर के आसपास कई किलोमीटर तक अकेले टहलते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि कोई उन्हें पहचान नहीं पाएगा। हालांकि, अब उन्होंने बाहर मॉर्निंग वॉक बंद कर दी है। सीजेआई चंद्रचूड़ का 8 नवंबर को आखिरी वर्किंग डे था, उन्हीं ने खन्ना के नाम की सिफारिश की सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे। उससे पहले 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में उनका आखिरी वर्किंग डे था। सीजेआई चंद्रचूड़ की विदाई के लिए सेरेमोनियल बेंच बैठी। वहीं, शाम को विदाई समारोह रखा गया। चंद्रचूड़ ने ही सरकार से संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश की है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है।

## निर्मला सीतारमण बोलीं- पितृसत्ता लेफ्ट का बनाया कॉन्सेप्ट

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पितृसत्ता को लेकर अपनी राय दी है। उन्होंने कहा कि अगर पितृसत्ता भारत में महिलाओं को अपनी इच्छाओं को पूरा करने से रोकती, तो इंदिरा गांधी कैसे प्रधानमंत्री बन पाईं? बेंगलुरु के सीएमएस बिजनेस स्कूल में शनिवार को स्टूडेंट्स से बातचीत के दौरान उन्होंने ये बात कही। महिला सशक्तिकरण को लेकर एक सवाल का जवाब देते हुए सीतारमण ने



कहा कि पितृसत्ता का विचार लेफ्टिस्ट पार्टियों ने बनाया है। सीतारमण ने महिलाओं को सलाह दी कि वे आकर्षक जटिल शब्दों के जाल में न उलझें। अगर आप अपने लिए खड़े होते हैं और तर्कसंगत तरीके से बात रखते हैं, तो पितृसत्ता आपको अपने सपने पूरे करने से नहीं रोक सकती।

हालांकि उन्होंने यह माना कि महिलाओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं मौजूद नहीं हैं और इसमें बदलाव की जरूरत है। निर्मला बोलीं- मोदी सरकार ने इनोवेटर्स के लिए बेहतर माहौल बनाया इस कार्यक्रम में निर्मला ने केंद्र सरकार की तरफ से इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों और युवाओं के लिए मौजूद सरकारी योजनाओं के बारे में बातचीत की। निर्मला ने इनोवेशन के मौकों को लेकर कहा कि मोदी सरकार ऐसा माहौल बना रही है जो इनोवेटर्स के लिए अच्छा है।

## राहुल बोले- मोदी अंबानी के घर जाते हैं

**रांची (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने शनिवार को झारखंड के बाघमारा और जमशेदपुर में कहा- मोदी जी अंबानी की शादी में जाते हैं, लेकिन किसी गरीब के यहां शादी में नहीं जाते। एक बार मैंने देखा कि वे तार के पीछे खड़े गरीब बच्चों से झिझककर मिले रहे थे। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री गरीबों, किसानों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के पास जाते ही नहीं हैं। इससे पता चलता है कि वो आपके नहीं हैं। राहुल ने कहा- हिंदुस्तान में युवा और महिलाएं दुखी हैं। देश में महंगाई बढ़ती है तो सबसे ज्यादा चोट हमारी माताओं-बहनों को लगती है। नरेंद्र मोदी ने हर चीज पर लस्क्ष जोड़ दिया है। टैक्स का पूरा ढांचा देश के गरीब लोगों से पैसा लेने का तरीका है। देश में करीब 50 प्रतिशत जीएसटी, 15 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत आदिवासी और 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक वर्ग के लोग हैं। लेकिन आपको देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में जीएसटी, दलित और आदिवासी वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। मैंने मोदी जी से साफ कह दिया है- आप जातिगत जनगणना को रोक नहीं सकते हैं। हम इसी संसद में जातिगत जनगणना को पास करके दिखाएंगे और आरक्षण में 50% की दीवार को तोड़ देंगे। झारखंड में हम आदिवासियों को 28 प्रतिशत, दलितों को 12 प्रतिशत और पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी बड़े-बड़े भाषण करते हैं। बड़े-बड़े प्लेन में उड़ते हैं।

# कांग्रेसी नेता बोले- भाजपा यानी भारतीय झूठ पार्टी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस शासित तेलंगाना-हिमाचल के मुख्यमंत्री और कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने भाजपा के आरोपों का जवाब देने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान डीके शिवकुमार ने कहा कि भाजपा नेताओं का आभार कि उन्होंने हमें देश के लोगों के सामने भारतीय जनता पार्टी का झूठ सामने लाने का मौका दिया। कांग्रेस ने यह भी कहा कि भाजपा का झूठ हर जगह बड़े-बड़े विज्ञापनों में देखने मिल रहा है।



उसे भारतीय झूठ पार्टी कहना गलत नहीं होगा। एक ऐसी पार्टी जो पिछले 10 सालों से अपनी लकीर नहीं बढ़ा पाई, वह हमारी लकीरों को छोटी करती है। मुंबई में शनिवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी, हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सुक्खू, कर्नाटक डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और पवन खेड़ा भी मौजूद रहे। जहां सभी ने पीएम मोदी के 1 नवंबर को लगाए आरोपों का जवाब दिया। दरअसल एक पोस्ट में पीएम ने कहा था- कांग्रेस को यह बात अब समझ में आ रही है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें सही तरीके से लागू करना मुश्किल है।

## लॉरेंस गैंग के निशाने पर पुणे का बड़ा नेता था

**पुणे (एजेंसी)।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले लॉरेंस गैंग के निशाने पर पुणे का एक बड़ा नेता भी था। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस बात का खुलासा किया है।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक लॉरेंस गैंग ने अपने शूटर्स को इस नेता की हत्या करने की जिम्मेदारी दी थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि बाबा सिद्दीकी को मारने के



लिए लॉरेंस गैंग ने प्लान क्र बनाया गया था। जिन शूटर्स को इस प्लान क्र में शामिल किया गया था, उन्हें बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद पुणे के नेता को मारने की जिम्मेदारी दी गई थी। क्राइम ब्रांच ने बताया कि इस साजिश का पर्दाफाश तब हुआ जब उन्हें वह पिस्तौल बरामद हुई, जिससे इस हत्या को अंजाम दिया जाना था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपियों ने इस नेता की रेकी की थी या नहीं। हालांकि, पुलिस ने नेता के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। पुलिस ने सिद्दीक मर्डर केस से जुड़े एक और आरोपी को गिरफ्तार किया बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को एक शूटर को गिरफ्तार किया। इस आरोपी शूटर का नाम गौरव विलास अपुने (23) है। गौरव विलास बाबा सिद्दीकी की हत्या के प्लान बी का हिस्सा था।

# उदयपुर में विदेशी युवती को गोली मारी

**उदयपुर (एजेंसी)।** उदयपुर शहर में शनिवार सुबह विदेशी युवती को सरेआम गोली मार दी गई। उसके बाएं हाथ के नीचे पसलियों में गोली लगी है। युवती को 3 लड़के प्राइवेट हॉस्पिटल में छोड़कर भाग गए। मामला संदिग्ध मानते हुए घायल को महाराणा भूपाल हॉस्पिटल रेफर किया गया। युवती का इलाज चल रहा है। एसपी योगेश गोयल ने बताया-



युवती का नाम मिस थाई थेम चुक (24) है। वह थाईलैंड की रहने वाली है। युवती नशे में थी और पूछताछ में सहयोग नहीं किया।

वह चार दिन से अपने दोस्त के साथ उदयपोल (माली कॉलोनी) स्थित होटल वीर पैलेस में ठहरी हुई है। दोस्त से भी पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। युवती के मोबाइल को भी देखा जा रहा है।

हो सकता है, उससे कोई सुराग मिल जाए। एसपी ने बताया- आज सुबह 6 बजे एमबी हॉस्पिटल से सूचना मिली कि एक विदेशी युवती को घायल हालत में हॉस्पिटल लाया गया है।

## सीएम सोरेन के निजी सचिव के ठिकानों पर छापेमारी

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के बीच आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के निजी सलाहकार सुनील श्रीवास्तव समेत कई अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की है।

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक रांची में 7 जबकि लोहनगरी जमशेदपुर के भी कई ठिकानों पर छापेमारी जारी है। सुनील श्रीवास्तव मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निजी सचिव है। इससे पहले 14 अक्टूबर को , जल जीवन मिशन में हुए घोटाला मामले को लेकर परिवर्तन निदेशालय की टीम ने हेमंत सोरेन सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर मिथलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर, निजी सचिव हरेंद्र सिंह समेत विभाग के कई इंजीनियरों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। झारखंड में विधानसभा चुनाव



की प्रक्रिया शुरू होने में कुछ ही दिन का समय बचा है। इसी बीच आयकर विभाग ने यह एक्शन लिया है।

झारखंड की 81 सीट पर दो चरणों में चुनाव होने हैं। पहले चरण की 43 सीटों के लिए 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसी के बाद 20 नवंबर को 38 सीटों पर वोटिंग की जाएगी।

## सीडीएस बोले-देश का बड़ा हिस्सा सेना की उपलब्धियों से अनजान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन मिलिट्री हेरिटेज फेस्टिवल का दूसरा एडिशन शुक्रवार को नई दिल्ली में शुरू हुआ। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा- देश का बड़ा हिस्सा भारतीय सेना की उपलब्धियों को नहीं जानता। इसलिए इसे एजुकेशन में भी जोड़ा जाएगा। शुक्रवार को फेस्टिवल के दौरान सीडीएस ने शौर्य गाथा प्रोजेक्ट लॉन्च किया। इसका मकसद अगली पीढ़ी में नेशनल प्राइड यानी राष्ट्रीय गर्व की भावना बढ़ाना है। इस फेस्टिवल में रक्षा मंत्रालय, डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स और इंडियन फोर्स के अलावा पर्यटन विभाग लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश सरकार और संस्कृति मंत्रालय के अलावा एनसीसी कैडेट भी शामिल हैं। फेस्टिवल का लक्ष्य भारतीय वायुसेना, नौसेना और आर्मी की उपलब्धियों को प्रमोट करना है। साथ ही यह युवाओं के बीच सेना को बतौर करियर बढ़ावा देने का काम भी कर रहा है। इसका पहला एडिशन पिछले साल 21-22 अक्टूबर को आयोजित हुआ था। शौर्य गाथा प्रोजेक्ट से सेना के इतिहास को प्रमोट किया जाएगा शौर्य गाथा प्रोजेक्ट डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स की पहल है। इसे डीएमए और यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सेंटर फॉर मिलिट्री हिस्ट्री एंड कॉन्फ्लिक्ट स्टडीज ने साथ मिलकर शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट का मकसद भारतीय सेना के इतिहास और उपलब्धियों को टूरिज्म और शिक्षा की मदद से प्रमोट करना है। इस प्रोजेक्ट के जरिए बैटलफील्ड टूरिज्म यानी बॉर्डर एरिया में टूरिज्म को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इससे नए रोजगार पैदा होंगे। इसके तहत भारतीय सेना के अहम मिलिट्री लैंडमार्क की पहचान की जाएगी, उन्हें रीस्टोर किया जाएगा और फिर प्रमोट किया जाएगा। इसके बाद उन्हें स्मारक और म्यूजियम में रिजर्व किया जाएगा।

# बंगाल में ट्रेन हादसा, सिकंदराबाद से शालीमार जा रही एक्सप्रेस ट्रेन के 3 कोच पटरी से उतरे

**हावड़ा (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा में एक ट्रेन दुर्घटना हुई है। यहां पर सिकंदराबाद से शालीमार की ओर जा रही एक 22850 सिकंदराबाद-शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन के कुछ कोच डिरेल हो गए।

पूरी घटना पश्चिम बंगाल के हावड़ा के नलपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई है। यहां पर सिकंदराबाद से शालीमार की ओर जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डिब्बे डिरेल हो गए। हालांकि राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हादसे के बारे में जानकारी देते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ओमप्रकाश चरण ने फोन पर बताया कि सिकंदराबाद से शालीमार आ रही ट्रेन नलपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक डिरेल हुई है।

इसमें तीन कोच है, लेकिन इस घटना में किसी की हताहत होने की अभी तक कोई जानकारी नहीं है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पूरी घटना शनिवार सुबह पौने छह बजे के करीब की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल था, हालांकि यात्रियों के मुताबिक ट्रेन की गति सामान्य से कम होने के कारण ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। बस अचानक तेज झटका लगा और ऊपर रखे सामान नीचे गिर गए। ड्राइवर ने ट्रेन को मौके पर रोक दिया। हादसे के बाद रेलवे अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, उनके अनुसार सभी हादसे का शिकार हुई 22850 सिकंदराबाद-शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन से सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है। कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।



# बीबीसीआई ने रोहित, गंभीर और अगरकर से किए कई सवाल, न्यूजीलैंड से मिली 0-3 से हार पर किया मंथन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की 0-3 से मिली हार पर समीक्षा की। इस दौरान मुंबई टेस्ट के लिए रैंक टर्नर का चयन, जसप्रीत बुमराह को आराम देना और गौतम गंभीर की कोचिंग शैली पर भी चर्चा हुई। वहीं इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गंभीर के साथ बीसीसीआई सचिव जय शाह और अध्यक्ष रोजर बिन्नी भी मौजूद थे।

वहीं हेड कोच गौतम गंभीर ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार सीरीज के दौरान टीम प्रबंधन द्वारा लिए गए कुछ फैसलों के बारे में सवाल पूछे गए। गंभीर की कोचिंग शैली के बारे में भी चर्चा हुई, जो उनसे पहले के कोच राहुल द्रविड़ से बहुत अलग है और टीम किस तरह से इसकी आदत डाल रही है। भारतीय बोर्ड के एक सूत्र के हवाले से पीटीआई ने बताया कि, ये 6 घंटे की मैराथन बैठक थी, जो इस तरह की हार के बाद निश्चित रूप से लय थी। भारत ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जा रहा है और बीसीसीआई निश्चित रूप से ये सुनिश्चित करना चाहेगा कि टीम वापसी पटरी पर आ जाए। ये जानना चाहेगा कि थिंक-टैंक इस बारे में क्या सोच रहे हैं।

वहीं कहा जा रहा है कि, बीसीसीआई अधिकारी इस बात से खुश नहीं थे कि तेज गेंदबाज और टीम के उपकप्तान बुमराह को तीसरे टेस्ट के लिए आराम दिया गया। टीम ने पुणे में इसी तरह की पिच पर हारने के बाद रैंक टर्नर वाली पिच को क्यों चुना।

पीटीआई को बीसीसीआई सूत्र ने बताया कि, बुमराह की अनुपस्थिति पर चर्चा की गई। हालांकि, ये एहतियाती कदम था। भारत के इन ट्रैक पर अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद रैंक टर्नर का चयन करना कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर चर्चा हुई।




## केएल राहुल की किस्मत ही खराब है? अजीब तरीके से हुए आउट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल कि किस्मत इन दिनों बहुत खराब चल रही है। उन्हें मौके तो मिल रहे हैं लेकिन उनका बल्ला नहीं चल रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ फ्लॉप प्रदर्शन के बाद वह इंडिया ए के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचे लेकिन उनका फॉर्म वहां भी सुधरा।

शुक्रवार को दोनों टीमों के बीच खेले गए अनाधिकारिक टेस्ट मैच की दूसरी पारी में राहुल इस तरह आउट हुए कि सोशल मीडिया पर लोगों ने इसे दशक सबसे बेकार विकेट बताया। राहुल ने पहली पारी में चार बनाए थे और वह टॉम बोलैंड की गेंद पर कैच आउट हुए थे। वहीं दूसरी पारी में 10 रन बनाकर आउट हुए लेकिन वह जिस तरह आउट हुए उसे देखकर राहुल को खुद यकीन नहीं हुआ। कोरि रोचिसिओली की गेंद वाइड जा रही थी। गेंद की देखकर लग रहा था कि वह पांचवें स्टंप तक पहुंच जाएगी, राहुल ने भी यही सोचा और साइड हटकर गेंद को छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, उनकी किस्मत ज्यादा खराब थी।

वह जैसे ही साइड हटे गेंद उनके पैड के एकदम ऊपर के हिस्से पर लगी और पैरों के बीच से निकल कर स्टंप से टकरा गई। केएल राहुल को भी अपने आउट होने पर यकीन नहीं हुआ। वह निराश हो र चले गए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जश्न में डूब गए। इस अनाधिकारिक टेस्ट में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिजवान ने की अजीब हरकत, हर कोई हंसने पर मजबूर

**कोलबो (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने लिमिटेड ओवर फॉर्मेट में मोहम्मद रिजवान को नया कप्तान बनाया है। वहीं उनका पहला असाइनमेंट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज है। एडिलेड में भारत और पाकिस्तान के बीच दूसरा वनडे इंटरनेशनल मैच खेला जा रहा है। इससे पहले पाकिस्तान को पहले मैच में तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। जबकि दूसरे मैच में रिजवान एंड कंपनी ने बढ़िया वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को महज 163 रनों पर ही समेट दिया। वहीं इस मैच में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई हसंने को मजबूर हो गया। दरअसल, हारिस राउफ और शाहीन अफरीदी ने मिलकर ऑस्ट्रेलियाई बैटिंग लाइनअप की बैंड बजा डाली। हारिस राउफ ने पांच विकेट चटकाए, वहीं शाहीन ने तीन विकेट लिए। इसके अलावा नसीम शाह और मोहम्मद हसनैन ने एक-एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन स्टीव स्मिथ ने बनाए।

स्मिथ ने 48 गेंदों पर 35 रनों की पारी खेली। इस मैच के दौरान रिजवान ने कुछ ऐसा किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। नसीम शाह की गेंद पर रिजवान ने कॉट बिहाइंड की एडम जम्पा के खिलाफ जोरदार अपील की। ये किस्सा ऑस्ट्रेलियाई पारी के 33.3 ओवर का है। नसीम शाह गेंदबाजी कर रहे थे। रिजवान ने जाकर जाम्पा ने पहले तो कहा कि आप हर गेंद पर ही अपील करते हैं, फिर रिजवान ने कहा कि इस पर रिव्यू लूं या नहीं, इस पर जाम्पा ने कह दिया कि हां बिलकुल रिव्यू लेना चाहिए।

## टीम इंडिया के स्पेशल शेफ बने सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 8 नवंबर यानी आज से भारत और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज का आगाज होने जा रहा है पहले मैच से पहले भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव स्पेशल शेफ बन गए हैं और उन्होंने एक मजेदार रेसिपी शेयर की है।

इस रेसिपी में उन्होंने तेज गेंदबाज और बल्लेबाज की है जो टीम इंडिया में नए-नए आए हैं। एक वीडियो में कहा कि वह एक शेफ हैं और आज मजेदार रेसिपी बताएंगे। उन्होंने कहा कि, चलिए बनाते हैं एक धांसू गेंदबाज। तेज गेंदबाज बनाने के लिए आपको चाहिए चुस्ती, फुर्ती, हिम्मत, ताकत और रफ्तार का भरपूर मसाला। जितना तेज उतना बेहतर।

इस दौरान वीडियो में विशक विजयकुमार को गेंदबाजी करते हुए दिखाया। रेसिपी को आगे बढ़ाते हुए सूर्या ने कहा कि, जब धीमीं आंच पर फिटनेस और पेशेंस पकेंगे, तब आएगा ना असली मजा। लीजिए तैयार हो गया हमारा तेज गेंदबाज। उन्होंने इस तरह विशक का परिचय दिया। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने रमनदीप सिंह का भी इसी अंदाज में परिचय दिया।

# हार्दिक पंड्या को भारतीय टेस्ट टीम में होना चाहिए या नहीं




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया को इस समय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की जरुरत टेस्ट क्रिकेट में है, क्योंकि टीम इंडिया 3-0 से घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार चुकी है और अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सिर पर है। हालांकि, हार्दिक पंड्या आज यानी शुक्रवार 8 नवंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही चार मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का हिस्सा हैं। ऐसे में जब पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा से पूछा गया कि हार्दिक पंड्या की टी20 टीम की जगह टेस्ट टीम में होना चाहिए तो इस पर उथप्पा ने कहा कि ये फैसला उन पर है कि वे क्या सोचते हैं, क्योंकि अपने शरीर और फिटनेस के बारे में वही जानते हैं।

जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 के एक्सपर्ट रॉबिन उथप्पा से जब एक इंटरव्यू में पूछा गया कि हार्दिक पंड्या की जरूरत टी20 क्रिकेट में है या फिर टेस्ट क्रिकेट में? इस सवाल के जवाब में रॉबिन उथप्पा ने कहा कि, देखिए ये उनके ऊपर निर्भर है। वह क्या सोचते हैं, वह अपने शरीर को लेकर क्या सोचते हैं? इस पर उनका क्या राय है फिटनेस के बारे में, क्या वे पूरी तरह फिट हैं या फिर चोटिल हो जाएंगे? आपको एक ऑलराउंडर के तौर पर देखना होगा कि उनकी फिटनेस कैसी है।

उथप्पा ने आगे कहा कि, डेल स्टेन की तरह बॉडी है उनकी। स्टेन को भी जल्दी चोट लग जाती थी। वह बहुत स्ट्रॉन्ग हैं, लेकिन बहुत दुबले-पतले से हैं। उनको अपनी गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग में लगाए गए बल को सहन करने में सक्षम होना चाहिए। हम जानते हैं कि वे पिछले दो-तीन साल से व्हाइट बॉल क्रिकेट में काफी दम लगा रहे हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट वे खेलेंगे तो उनको पता लगेगा कि टेस्ट क्रिकेट उनसे क्या चाहता है।

## केएल राहुल और अथिया शेट्टी के घर में गूंजने वाली है किलकारियां



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केएल राहुल के लिए साल 2025 बेहद खास होने वाला है। दरअसल, केएल राहुल की पत्नी और सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी मां बनने वाली हैं। जी हां, अथिया शादी के दो साल बाद मां बनने वाली हैं। ये खुशखबरी किसी और ने नहीं बल्कि राहुल और अथिया ने दी है।

केएल राहुल और अथिया ने पोस्ट शेयर कर लिखा कि, हमारा सुंदर आशीर्वाद बहुत जल्द आने वाला है। इसके बाद दोनों ने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए 2025 लिखकर बच्चे के कदमों के निशान बनाए। इतना ही नहीं, तारे और नजरबट्टू भी बनाया।

केएल राहुल ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बॉलीवुड एक्स्ट्रेस अथिया शेट्टी से शादी की थी। वहीं अब उन्होंने पहले बच्चे के जन्म की खुशी भी ऑस्ट्रेलिया सीरीज के समय सुनाई है।

बता दें कि, केएल राहुल इस वक्त ऑस्ट्रेलिया में हैं। वह ऑस्ट्रेलिया में इंडिया ए की और से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ क्रिकेट खेल रहे हैं।

# रणजी ट्रॉफी का महत्व नहीं... जलज को लेकर चयनकर्ताओं पर भड़के हरभजन सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने जलज सक्सेना जैसे खिलाड़ियों को नजरअंदाज करने पर नाराजगी जाहिस की है। उन्होंने चयनकर्ताओं पर निशाना साधते हुए पूछा है कि क्या रणजी ट्रॉफी का अहम नहीं रह गया है। क्योंकि जलज सक्सेना जैसे खिलाड़ी 19 साल तक घरेलू टूर्नामेंट खेलने के बाद भी भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। जलज इंडिया ए की टीम में भी जगह नहीं बना पाए। जलज सक्सेना गुरुवार को रणजी ट्रॉफी में 400 विकेट और 6 हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।

हरभजन सिंह ने एक जर्नलिस्ट के ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें जलज सक्सेना की उपलब्धियों के बारे में बताया गया था। सक्सेना अपनी घरेलू टीमों के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और फिलहाल



केरल के लिए खेल रहे हैं। हाल ही में बंगाल के खिलाफ मैच में उन्होंने 84 रन बनाए। पत्रकार लोकापल्ली ने ट्वीट किया, रणजी ट्रॉफी में जलज सक्सेना के 400 विकेट और 6000 रन। भारत के राष्ट्रीय टूर्नामेंट में ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी। उन्होंने अपने ट्वीट में पूछा कि इस उपलब्धि के बावजूद क्या वह भारत के लिए खेलने के लिए पर्याप्त नहीं है।

इस पर हरभजन सिंह ने भी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि, मैं आपसे सहमत हूं। कम से कम इंडिया ए के लिए तो उन्हें चुना जाना चाहिए। अब रणजी खेलना बेकार है? लोग आईपीएल से चुने जा रहे हैं। जलज सक्सेना ने मध्यप्रदेश के लिए 2005 में प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था। 143 मैचों में उनके नाम 6795 रन और 14 शतक है। सक्सेना ने इन मैचों में 2.74 की प्रभावशाली इकॉनमी से 452 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने चैंपियंस लीग में पंजाब किंग्स के लिए एक मैच और मुंबई इंडियंस के लिए तीन मैच भी खेले हैं।

# ऑस्ट्रेलिया को हराते ही पाकिस्तान ने भारत को पछाड़ा, ये खास रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया में कुल 75 वनडे इंटरनेशनल मैच जीते हैं, इसके बाद इंग्लैंड का नाम आता है, जिसने ऑस्ट्रेलिया में 53 मैच जीते हैं। पाकिस्तान तीसरे नंबर पर 41 मैचों मे जीत के साथ है। वहीं भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुल 40 मैच जीते हैं। एशियाई टीमों में अब पाकिस्तान ने भारत को पीछे छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला मैच तीन विकेट से जीता था। मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीता और ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 ओवर में ही 163 रनों पर ऑलराउडर हो गई। हारिस राउफ ने पांच विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए। हारिस राउफ ने पांच विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच भी चुने गए। वहीं शाहीन अफरीदी ने तीन विकेट निकाले। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा




35 रनों का योगदान दिया। स्मिथ के अलावा किसी और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने 20 रन तक नहीं बनाए। 13 से 19 रनों के बीच बाकी बल्लेबाज आउट होते गए। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में ही एक विकेट पर 169 बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। सैम अयूब ने 82 रनों की पारी खेली, वहीं अब्दुल्ला शफीक ने 64 रन बनाए।

## रीवा इंजीनियरिंग कालेज के हीरक जयंती समारोह में प्रदेश के राज्यपाल ने किया संबोधित

# इंजीनियरिंग दुनिया को बेहतर बनाने की कला




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा इंजीनियरिंग कालेज के हीरक जयंती समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि इंजीनियरिंग दुनिया को बेहतर बनाने की कला है। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अधोसंरचना विकास में इंजीनियरों का बहुत बड़ा योगदान है। मानव को शिक्षा ही समर्थ और संस्कारवान बनाती है। रीवा इंजीनियरिंग कालेज बहुत गौरवशाली है। यहाँ अपनी प्रतिभा, योग्यता और परिश्रम से देश का नाम ऊँचा करने वाले कई पूर्व छात्र उपस्थित हैं। इनसे मार्गदर्शन और प्रेरणा लेकर नई पीढ़ी सफलता के शिखर छुएगी। हमारा देश तेजी से विकास कर रहा है। आज पूरी दुनिया में देश की प्रतिष्ठा दिनोंदिन बढ़ रही है। 21वीं सदी भारत की सदी होने वाली है। इसे विकसित बनाने में हम जहाँ भी हैं वहाँ अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देकर देश के विकास में योगदान दें।

समारोह में राज्यपाल पटेल ने कहा कि विन्ध्य की धरा सफेद बाघ की जननी, चिरहुलानाथ स्वामी और महामृत्युंजय भगवान की कृपापात्र तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमि है। इसके रीवा इंजीनियरिंग कालेज की 60 वर्ष की विकास गाथा सफलताओं से भरी है। समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इंजीनियरिंग हर तरह के विकास का मूल है। रीवा में विकास के कई बड़े कार्य हुए हैं। इन सबमें इंजीनियरों का सर्वाधिक योगदान रहा है। यह इंजीनियरिंग का ही चमत्कार है कि गुढ़ की पथरीली उजाड़ पहाड़ी में 750 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र सफलता की गाथा कह रहा है। रीवा वासियों को गर्व है कि उनके सोलर प्लांट की बिजली से दिल्ली की मैट्रो ट्रेन दौड़ती है। विन्ध्य 40 मिलियन टन सीमेंट और 15 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है। विन्ध्य में इंजीनियरों के परिश्रम से अधोसंरचना का जो विकास हुआ है उसमें विन्ध्य के विकास की गाड़ी अब तेजी से दौड़ रही है। रीवा में पाँच साल में सिंचाई क्षमता तीन लाख से बढ़कर नौ लाख एकड़ हो जाएगी। इंजीनियरिंग कालेज के पूर्व छात्र मिलकर कालेज के विकास का रोडमैप बनाएंगे और इसे देश के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी संस्थान के रूप में विकसित करेंगे।

समारोह में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही ज्ञान, विज्ञान, आध्यात्म और दर्शन की परंपरा रही है। इसी ज्ञान परंपरा को समाहित करके नई शिक्षा नीति बनाई गई है। हमारे देश में आज भी हजारों साल पुराने स्मारक स्थापत्य और विज्ञान की सफलता की कहानी कहते हुए विद्यमान हैं। भारत के एक इंजीनियर ने 13वीं शताब्दी में चीन में बीजिंग शहर और दुनिया के सबसे बड़े मंदिर कंबोडिया के अंगकोरवाट मंदिर की डिजाइन बनाई थी। सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा और अक्षय स्त्रोत है। इसीलिए हमारे देश में सूर्य की पूजा की जाती है। मंत्री परमार ने कहा कि रीवा इंजीनियरिंग कालेज के विकास के संबंध में जो प्रस्ताव मिले हैं उन पर दिसम्बर माह में आयोजित बैठक में निर्णय लिए जाएंगे।

समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आज का दिन रीवा के लिए बहुत गौरव का दिन है। विज्ञान के तेजी से विकास के साथ मानव और मानवीय गुणों पर प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं। हम आधुनिक सूचना तकनीक का इतना अधिक उपयोग करने लगे हैं कि आपसी संबंधों में भी तनाव उत्पन्न हो गया है। सूचना तकनीक का ऐसा विकास हो तमाम सुविधाओं के साथ ही मानव के संस्कार और मानवीय गुण बरकरार रहें। समारोह में ब्राम्होस मिसाइल निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पद्मभूषण तथा पद्म विभूषण इंजीनियर एएस पिल्लई को भी सम्मानित किया गया। समारोह में एलुमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा एनटीपीसी के पूर्व चेयरमैन आरएस शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया। कालेज के प्राचार्य बीके अग्रवाल ने 60 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी।

समारोह में राज्यपाल पटेल ने कालेज की स्मारिका के प्रथम पृष्ठ का डिजिटल विमोचन किया। समारोह में राज्यपाल तथा अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर बी.एस. जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, एलुमिनी संघ के उपाध्यक्ष बीके सिंह, सिद्धार्थ सिंह, अनुज प्रताप सिंह तथा बड़ी संख्या में पूर्व छात्र, वर्तमान छात्र एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप पाण्डेय ने किया।

## जिले की 2 लाख 52 हजार 203 लाड़ली बहनों के खाते में आई योजना की राशि



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 नवम्बर को इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना, गैस रीफिल एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 2 करोड़ 10 लाख हितग्राहियों के खातें में 1961 करोड़ रूपये अंतरित किये। इसमें 1 करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1574 करोड़ रूपये, 26 लाख बहनों के खातों में सिलेंडर रीफिल की राशि 55 करोड़ रूपये और 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खातों में 333 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई। नेहरु स्टेडियम में 5 हजार से अधिक बालिकाओं के द्वारा तलवार चलाने के वर्ल्ड रिकार्ड बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के ढ़क्कन वाला कुँआ स्थित ग्रामीण हाट बाजार में आयोजित कार्यक्रम में इंदौर के 450 से अधिक दिव्यांगजनों को लेपटॉप, मोट्रेट ट्राईसिकल सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किये। मुख्यमंत्री आईटीसी के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उनके द्वारा इंदौर जिले के 155 दिव्यांगजनों को मोटोराइज्ड ट्रॉयसाइकल, निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 81 छात्र/छात्राओं को लेपटॉप, 6 दम्पतियों को मुख्यमंत्री निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता, 130 दिव्यांग वृद्धजनों को डिजिटल श्रवण यंत्र, 99 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, सी.पी. चेयर, बैशाखी और कैलीपर्स प्रदान की गई। इस कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिला एवं संभागीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।

सतना जिले की लाड़ली बहना योजना की 2 लाख 52 हजार 203 लाडली बहना हितग्राहियों के खाते में मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से 31 करोड 39 लाख 36 हजार 650 रूपये की राशि अंतरित की। इसी प्रकार मैहर जिले की 1 लाख 31 हजार 746 लाडली बहनों को 15 करोड 66 लाख 96 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई। प्रत्येक हितग्राही के बैंक खाते में 1250 रुपए की राशि अंतरित हुई है। यह छोटी सी राशि महिलाओं के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित हुई है। कलेक्ट्रेट सतना के एनआईसी कक्ष में एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया, एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण एलआर जांगडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी, परियोजना अधिकारी पुनीत शर्मा सहित लाडली बहनें तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राही उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ सभी विकासखण्डों और ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

## अब्बास अंसारी के 4 सहयोगियों की संपत्तियों होगी कुर्क

### जेल में पत्नी निकहत से मुलाकात का मामला, एसपी ने छापा मारकर पकड़ा था



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** कासगंज जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी के चार सहयोगियों की गिरफ्तारी के बाद अब विशेष न्यायालय ने उनकी संपत्तियों की कुर्की का आदेश जारी किया है। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट नीरज श्रीवास्तव ने इन चारों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जो वर्तमान में फरार चल रहे हैं। ये चारों विधायक की पत्नी निखत बानो की जेल में गैर कानूनी मुलाकात कराने में सहयोगी थे।

इस मामले में पुलिस ने नवनीत सचान (शंकर बाजार, कर्वी), सपा नेता फराज खां (पुरानी बाजार, कर्वी), नियाज अंसारी (रेवतीपुर, गाजीपुर), और शहबाज आलम खां (अर्दली बाजार, वाराणसी) को गिरफ्तार किया था। सभी आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। लेकिन फरार होने के कारण अब उनकी संपत्तियों की कुर्की का आदेश जारी हुआ है।

थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि आदेश की प्रति आरोपियों के परिजनों को दी जा चुकी है। ताकि नियमानुसार कुर्की की प्रक्रिया पूरी की जा सके। विशेष न्यायालय द्वारा इस कदम को जिले में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है।

# लूट की कोशिश में महिला को मारा चाकू

## दो बाइक पर सवार 6 बदमाशों ने की वारदात, जेवर और नकदी छीने



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मैहर जिले के दसईपुर में शुक्रवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने लूट की कोशिश में एक महिला पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें महिला को गंभीर चोट आई हैं। थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक मैहर कोतवाली अंतर्गत दसईपुर के पास बीती रात दो बाइक पर सवार अज्ञात बदमाशों ने अपने परिचित के साथ जा रही सरोज पटेल निवासी गौंरैया पर चाकू से हमला कर दिया। हमले से महिला के गले में गंभीर चोट आई हैं। उसे इलाज के लिए देर रात सिविल हॉस्पिटल मैहर ले जाया गया।

**6 बदमाशों ने किया हमला**

सरोज पटेल उचेहरा अपने किसी रिश्तेदार के यहां आई थी। वहां से लौटते वक्त उसे मैहर में अपने ही गांव का परिचित राजकुमार पटेल मिल गया। वह कोरवारा से मैहर होते हुए लौट रहा था, लिहाजा गांव आने के लिए वह उसके साथ बाइक पर बैठ गई। उनकी बाइक दसईपुर के पास थी कि पीछे से दो बाइक पर सवार होकर आए 6 बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। एक बाइक उनकी बाइक को टक्कर मारते हुए सामने आ खड़ी हुई, जिसके कारण सरोज और राजकुमार सड़क पर गिर गए। बदमाशों ने महिला के गले का लॉकेट, अन्य जेवर और 1200 रुपए छीन लिए। साथ ही महिला पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने राजकुमार को भी चाकू दिखा कर डराया। आशंका है कि बदमाश उनका पीछा कर रहे थे और सुनसान जगह पर पहुंचकर वारदात को अंजाम दिया।

**तीन टीमें बनाई गई:** मैहर पुलिस ने बताया कि घटना की जांच कर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। तीन टीमें बनाई गई हैं और कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि महिला और उसके परिजन लूट का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन महिला का सारा सामान बाइक से उसे लेकर जा रहे राजकुमार के पास सुरक्षित है।

## जिले में नरवाई जलाने की 36 घटनायें सैटेलाइट मैपिंग में आई सामने

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल से प्राप्त सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट अनुसार जिले के अलग-अलग अनुविभागों में 23 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक 36 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें नागौद में 10, उचेहरा में 7, रामपुर बघेलान में 6, रघुराजनगर में 7, अमरपाटन में 1, मैहर में 1, बिरसिंहपुर में 2, मझगवां में 1 एवं कोठी में 2 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है। उप संचालक कृषि ने संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट से अवगत कराते हुये जिला दंडाधिकारी के निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

# मतदाता सूची में नाम जुडवाने विशेष कैंप आज और 16-17 नवम्बर को

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमनुसार 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 का एकजाई प्रारूप निर्वाचन नामावली का प्रारूप प्रकाशन 29 अक्टूबर को सतना एवं मैहर जिले की विधानसभा क्षेत्रों के सभी 1950 मतदान केन्द्रों में एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय के साथ-साथ आयोग द्वारा अधिसूचित स्थानों पर किया गया है। 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में प्रत्येक मतदान केन्द्र में नियुक्त बीएलओ द्वारा दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। आयोग द्वारा 10 नवम्बर (रविवार) तथा 16 नवम्बर (शनिवार) एवं 17 नवम्बर (रविवार) को विशेष कैम्प आयोजित किए जायेंगे।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे ने बताया कि जिन युवा मतदाताओं की उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है। ऐसे युवक/युवतियां अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ से सम्पर्क कर फार्म-6 भरकर बीएलओ को देकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। साथ ही मृत/स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाता जिन्हें अपना नाम मतदाता सूची से हटवाना है ऐसे मतदाताओं के नाम फार्म-7 भरकर हटाये जा सकते हैं। इसी अनुक्रम में फोटो निर्वाचक नामावली में किसी प्रकार के संशोधन के लिए फार्म-8. भरकर बीएलओ को देकर अशुद्ध प्रविष्टियों का सुधार किया जा सकेगा।

## संयुक्त दल द्वारा उर्वरक स्कन्ध का भौतिक सत्यापन



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार उर्वरकों के वितरण की मानीटरिंग के लिए गठित संयुक्त दल द्वारा शनिवार को एमएफएमएस पोर्टल में उपलब्ध उर्वरक का विभिन्न विक्रय केन्द्रों में जाकर भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजललन बागरी, कुलदीप त्रिपाठी एवं मनीष बागरी के संयुक्त दल द्वारा अग्रवाल ब्रदर्स तथा रेनूमल संस सतना के उर्वरक भण्डार पतेरी में भौतिक सत्यापन एवं एमएफएमएस पोर्टल से स्टाक का मिलान करने पर जानकारी सही पाई गई। साथ ही रेनूमल संस की रिटेल आईडी और थोक आईडी का अवलोकन करने पर 1 अप्रैल 2024 से 9 नवम्बर 2024 तक थोक आईडी से फुटकर आईडी में ट्रांसफर होना नहीं पाया गया। रेनूमल संस सतना की पतेरी गोदाम में उर्वरक स्टाक सत्यापन के दौरान एमएफएमएस पोर्टल पर दर्ज विवरण के अनुसार यूरिया 291.6 एमटी, डीएपी 6.8 एमटी, एनपीके 55.9 एमटी, एसएसपी दानेदार 201.55 एमटी, टीएसपी 9.5 एमटी और एनपीके 59 एमटी का स्टाक पूरी तरह से उपलब्ध पाया गया। इसी प्रकार अग्रवाल ब्रदर्स के गोदाम में भण्डारण सत्यापन करने के दौरान एमएफएमएस पोर्टल पर दर्ज विवरण के अनुसार डीएपी निरंक, यूरिया 74 बोरी, एसएसपी दानेदार 47.45 एमटी उपलब्ध पाया गया।

## प्राथमिक शिक्षक के लिए संयुक्त पात्रता परीक्षा आज से 30 नवम्बर तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षक के लिए संयुक्त पात्रता परीक्षा 10 से 30 नवम्बर तक सतना जिले के एक परीक्षा केन्द्र मां मीरा कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल वैष्णो देवी मंदिर डाली बाबा डेलौरा सतना में आयोजित होगी। आनलाईन परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 9 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्रों पर रिपोर्टिंग का समय प्रथम पाली में प्रातः 7.30 बजे से 8.30 बजे और द्वितीय पाली में दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक नियत किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। उन्होंने परीक्षा के लिए अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे को सहायक समन्वयक, एसडीएम राहुल सिलाडिया को प्रशासनिक आब्जर्वर (उडनदस्ता), डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे को प्रभारी, डीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान को सुरक्षा समन्वयक, सहायक प्राध्यापक गेहचन्द पटेल को आब्जर्वर, सतीश पाण्डेय को आब्जर्वर तकनीशियन, शिवांगी दाहिया को आब्जर्वर, मनोहर एनआईसी को आब्जर्वर तकनीशियन, शारदा सोनी को आब्जर्वर, सहायक ग्रेड-3 दयाराम वर्मा को शाखा लिपिक, सहायक ग्रेड-3 आकाश यादव को आनलाईन तथा बृजलाल दहायत को भृत्य बनाया है।

# प्राथमिक शिक्षक संयुक्त पात्रता परीक्षा 10 से

## 2 पालियों में होगी, सतना शहर में बनाया गया केंद्र, कलेक्टर ने लगाई अधिकारियों की ड्यूटी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षक के लिए संयुक्त पात्रता परीक्षा 10 से 30 नवम्बर तक होगी। इसके लिए सतना जिले में मां मीरा कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल वैष्णो देवी मंदिर डाली बाबा डेलौरा सतना को केंद्र बनाया गया है।

ऑनलाइन परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9 बजे से 11.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्रों पर रिपोर्टिंग का समय प्रथम पाली में सुबह 7.30 बजे से 8.30 बजे और द्वितीय पाली में दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तय किया गया है।

**एडीएम सहायक समन्वयक होंगे**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने परीक्षाओं के सुचारु रूप से संचालन के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने परीक्षा के लिए अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े को सहायक समन्वयक नियुक्त किया है।

एसडीएम राहुल सिलाडिया को प्रशासनिक ऑब्जर्वर (उड़नदस्ता), डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे को प्रभारी, सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान को सुरक्षा समन्वयक तथा सहायक प्राध्यापक गेहचन्द पटेल को ऑब्जर्वर का दायित्व सौंपा है।

इसी तरह सतीश पाण्डेय को ऑब्जर्वर तकनीशियन, शिवांगी दाहिया को ऑब्जर्वर, मनोहर एनआईसी को ऑब्जर्वर तकनीशियन, शारदा सोनी को ऑब्जर्वर, सहायक ग्रेड-3 दयाराम वर्मा को शाखा लिपिक, सहायक ग्रेड-3 आकाश यादव को ऑनलाइन तथा बृजलाल दहायत को भृत्य बनाया गया है।

## कृषि यंत्र ट्रैक टाइप पैडी हार्वेस्टर हेतु कृशकों के आवेदन आज तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय द्वारा ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषि यंत्रों पर कृषि यंत्रों के लक्ष्य प्रदाय किये गये है। सहायक कृषि यंत्री एचपी गौतम ने बताया कि प्रदेश में धान फसल का अधिक क्षेत्राच्छादन अनुसार जिले में कृषि यंत्र ट्रैक टाइप पैडी हार्वेस्टर के लिए कृषकों के आवेदन कर सकते हैं। कृषक 10 नवम्बर 2024 तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर 11 नवम्बर 2024 को लॉटरी संपादित की जायेगी। कृषि यंत्र ट्रैक टाइप पैडी हार्वेस्टर सामान्य एवं अनुसूचित जाति के लिए लक्ष्य 1-1 तथा धरोहर राशि 2 लाख रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा करना होगा। कृषक को स्वयं के बैंक खाते से धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट संबंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री के नाम बनवाकर आवेदन कर सकते हैं।

## भरोसा बांध में हुआ जल उत्सव

### 6 नवंबर से 20 तक चलेगा कार्यक्रम, जल को स्वच्छ रखने की ली शपथ

**मीडिया ऑडीटर, मानिकपुर निप्र।** चित्रकूट जनपद जिले में नीति आयोग द्वारा जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहयोग से जल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव 6 नवंबर से 20 नवंबर तक चलने वाला है और इसका मुख्य उद्देश्य जल संसाधनों के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना और स्थानीय समुदाय में जल प्रबंधन की जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है।

जिसके तहत आज मानिकपुर ब्लॉक के चुरेह ग्राम पंचायत के भरोसा बांध में जल उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें खंड विकास अधिकारी मानिकपुर शैलेंद्र सिंह की उपस्थिति में भरोसा बांध के पास साफ सफाई अभियान चलाया गया.जिसके बाद जल की पूजा अर्चना कर लोगों को जल को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई।

**20 राज्यों के 20 चिह्नित जनपदों में आयोजन:** बता दे कि जल उत्सव एक पायलट प्रोजेक्ट है, जिसे देश के विभिन्न क्षेत्रों में शुरू किया गया है.इस अभियान के तहत 20 राज्यों के 20 चिह्नित जनपदों में इसका आयोजन किया जा रहा है, और चित्रकूट जिला इस सूची में शामिल है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।